हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹96043/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹117300/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹128044/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
aNaND® Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply



उल्लास महापरीक्षा

प्रौढ़ों को साक्षर बनाने कवायद, लेकिन यथास्थिति कुछ और ही

# सब पढ़ें...सब बढ़ें... इसलिए सबको करा दी नकल! नहीं लगी 120 घंटे की कक्षा

*रायपुर/जगदलपुर/भिलाई/राजनांदगांव/धमतरी/गरियाबंद/मैनपुर की विशेष रिपोर्ट*

हरिभूमि लाइव

*उल्लास महापरीक्षा का आयोजन प्रदेश में रविवार को किया गया। प्रदेशभर में इस परीक्षा के लिए 15 हजार 958 केंद्र बनाए गए। पंजीकृत 6 लाख 56 हजार 193 परीक्षार्थियों में से सिर्फ 4 लाख ही परीक्षा दिलाने पहुंचे। साक्षरता अभियान के अंतर्गत होने वाली इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य है प्रौढ़ों को साक्षर बनाना। इसके लिए नियम भी बनाए गए। तय हुआ कि जो पंजीयन के बाद जो परीक्षार्थी 120 घंटे की कक्षा अटेंड करेंगे, उन्हें ही परीक्षा में बैठने दिया जाएगा, लेकिन हुआ इसके उलट। प्रदेशभर के केंद्रों में परीक्षा देने पहुंचे लोगों से जब हरिभूमि की टीम ने बात की, तो पहले वे भागने लगे। बाद में समझाइश के बाद पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वे परीक्षा में शामिल नहीं होना चाह रहे थे, जबर्दस्ती उनका नाम लिखा गया। 120 घंटे की क्लास के* ▶▶|शेष पेज 6 पर

### निरस्त करेंगे परिणाम

*हम जांच करवाएंगे। यदि किसी केंद्र में नकल की गई है, तो वहां के परिणाम रोक कर जिम्मेदारों पर निष्पक्ष कार्रवाई करेंगे।*

*- के.कुमार, संयुक्त संचालक*

**केस 1 दुर्ग-भिलाई**

यहां कोहका स्कूल में तुलसी बाई गुरुजी के कहने पर पहुंच गई। 60 वर्ष की तुलसी बाई पति धनुषराम सिर्फ आधार कार्ड की फोटोकॉपी लेकर पहुंचीं। उन्हें यह भी नहीं पता था कि उन्हें परीक्षा देने बुलाया गया है। उन्होंने शिक्षिका को अपना परिचय दिया और कहा कि कागज जमा करने से कोई सर्टिफिकेट मिल जाएगा। जैसे ही उन्हें प्रश्नपत्र दिया गया, वे पूरी तरह उलझ गईं। न अक्षर पहचान पा रही थीं, न अपना नाम लिख पा रहीं थीं। इसके बाद तुलसी बाई बिना परीक्षा दिए ▶▶|शेष पेज 6 पर



**केस 2**

**राजनांदगांव :** अधिकतर जगहों पर परीक्षार्थियों की जगह स्कूली बच्चों से प्रश्न पत्र हल करवाए गए। शहर के समीप शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गठुला में बीते वर्ष 94 असाक्षर लोगों का पंजीयन किया गया था। जिसमें से 72 लोगों ने परीक्षा दी थी। ▶▶|शेष पेज 6 पर

**केस 3**

**धमतरी:** सुबह 10.10 बजे शासकीय माध्यमिक विद्यालय में महिला प्यून ने एक कक्ष को खोला, जहां साक्षरता परीक्षा होनी थी। टेबल में कोई रोल नंबर लिखा नहीं था। बाहर जोहनी साहू नामक युवती अपनी नानी के साथ खड़ी थी। उन्होंने कहा, शिक्षक ने सुबह 10 ▶▶|शेष पेज 6 पर

**केस 4**



**जगदलपुर/बस्तर :** रविवार सुबह 10 बजे से बस्तर ब्लॉक के विभिन्न केंद्रों में प्रौढ़ साक्षरता परीक्षा शुरू हुई। शासन का तय नियम था कि कम से कम 120 घंटे की क्लास अटेंड करने वाले ही परीक्षा देने योग्य होंगे, लेकिन अधिकतर केंद्र में इस नियम का पालन नहीं किया गया। बड़ी संख्या में परीक्षार्थी बिना निर्धारित प्रशिक्षण के सीधे परीक्षा में बैठा दिए गए। बस्तर ब्लाक के तुरपुरा, रेटावन्ड, गुरिया, कुंदगुड़ा, मुंडागांव, केशरपाल समेत दरभा ब्लॉक का चितापुर, तोकापाल ब्लाक का बड़े मारेंगा, चोन्दीमेटवाड़ा, जगदलपुर ब्लाक का बॉलिकोंटा, ▶▶|शेष पेज 6 पर

---

गोवा में बड़ा हादसा : क्लब मैनेजर सहित 4 गिरफ्तार, 18 शवों की पहचान

# नाइट क्लब में तेज धमाका, हिल गया पूरा इलाका, 4 पर्यटकों समेत 25 की गई जान

उत्तरी गोवा के अरपोरा स्थित बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में शनिवार देर रात लगी भीषण आग में 4 पर्यटकों समेत 25 लोगों की मौत हो गई। इस अग्निकांड में 6 लोग जख्मी भी हुए हैं। हादसे को लेकर गोवा सरकार ने जांच के आदेश दिए हैं। अभी तक 18 शवों की ही पहचान हो सकी है। इस मामले में नाइट क्लब के मैनेजर, ग्राम पंचायत के सरपंच समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



### किचन से शुरू हुई आग, सीढ़ियों पर मिले शव

गोवा के डीजीपी आलोक कुमार ने बताया कि 25 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। मरने वालों में ज्यादातर क्लब में काम करने वाले कर्मचारी थे। डीजीपी ने कहा- आग सबसे पहले ग्राउंड फ्लोर में बनी रसोई से क्लब के दूसरे हिस्सों में फैली। इसलिए सबसे ज्यादा शव किचन एरिया से मिले हैं। भागने की कोशिश में दो लोगों की मौत सीढ़ियों पर हुई।

एजेंसी ▶▶| पणजी

गोवा के नाइट क्लब में आग लगने की घटना में 25 लोगों की मौत हुई है। इस मामले में अरपोरा-नागोआ पंचायत के सरपंच रोशन रेडकर को हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा पुलिस ने नाइटक्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। बता दें कि नाइट क्लब एक अस्थायी निर्माण पर चल रहा था और इसके निर्माण में बड़े पैमाने पर ताड़ की पत्तियों का इस्तेमाल हुआ था, जिसके चलते आग तेजी से भड़की।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है। शुरुआती जांच में नाइट क्लब में कई खामियों की बात सामने आ रही है, जिनमें कहा जा रहा है कि नाइट क्लब में ▶▶|शेष पेज 6 पर



### राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने जताया दुख

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोगों की मौत होने पर गहरा दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिवारों को लिए 2 लाख रुपए और घायलों के लिए 50 हजार रुपए देने का ऐलान किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, गोवा के अरपोरा में आग लगने की घटना में लोगों की मृत्यु बेहद दुखद है। स्थानीय प्रशासन बचाव एवं राहत अभियान संचालित कर रहा है और प्रभावितों को आवश्यक देखभाल प्रदान कर रहा है।

### कब-कब दहली दुनिया

- **अक्टूबर 2015:** रोमानिया के बुखारेस्ट स्थित 'कोलेक्टिव नाइट क्लब' में आग लगने से 64 लोगों की मौत
- **दिसंबर 2016:** कैलिफोर्निया के ओकलैंड में 'घोस्ट शिप' गोदाम में लगी आग में 36 लोगों की जान चली गई
- **जनवरी 2022:** कैमरून के याओंडे स्थित एक नाइट क्लब में आग लगने से 16 लोगों की मौत
- **जनवरी 2022:** इंडोनेशिया के पश्चिमी पापुआ प्रांत के सोरोंग नाइट क्लब में आग से 19 की मौत
- **अगस्त 2022:** बैंकॉक, थाईलैंड के 'माउंटेन बी' नाइट क्लब में 23 जिंदा जल मरे
- **अक्टूबर 2023:** स्पेन के मर्सिया में एक नाइट क्लब परिसर में 13 लोगों की मौत

---

सभी मृतक एक ही गांव खटंगा के थे, चालक फरार

# ट्रेलर ने उड़ाए कार के परखच्चे, एक ही गांव के पांच युवकों की मौत



पंडरीपानी मोड़ पर हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुर

दुलदुला थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-43 पर पंडरीपानी मोड़ के पास शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एक भीषण सड़क हादसे में आई-20 कार सवार पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा ग्राम लोरो से पतराटोली के बीच हुआ, जब ट्रेलर और कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और सभी सवार बुरी तरह उसमें फंस गए। हादसा देर रात होने के कारण कुछ देर तक स्थिति साफ नहीं हो सकी।

जानकारी के अनुसार चरईडांड गांव के पांच युवक आई 20 कार क्रमांक सीजी 10 एडी 7771 से जशपुर की ओर जा रहे थे। वे पंडरीपानी मोड़ के पास पहुंचे थे कि उनकी कार और ट्रेलर क्रमांक एनएल - 01-एबी-5953 के बीच आमने सामने भीषण टक्कर हो गई। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। दुलदुला ▶▶|शेष पेज 6 पर

### तेज रफ्तार और लापरवाही पर टिकी जांच

पुलिस द्वारा फिलहाल दुर्घटना के वास्तविक कारणों की गहन जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि पंडरीपानी मोड़ पहले भी कई हादसों का गवाह रहा है, बावजूद इसके यहां न तो पर्याप्त चेतावनी बोर्ड हैं और न ही प्रभावी स्पीड कंट्रोल व्यवस्था।

### ट्रेलर चालक फरार

पुलिस ने हादसे में शामिल ट्रेलर क्रमांक एनएल -01-एबी-5953 के चालक के विरुद्ध थाना दुलदुला में बीएनएस की धारा 281 व 106(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। हादसे के बाद से ट्रेलर चालक फरार बताया जा रहा है। उसकी पतासाजी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

### मुख्यमंत्री ने जताया गहरा दुख

दर्दनाक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत की खबर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि हादसे की सूचना अत्यंत दुखद है और इस दुखद घड़ी में वे शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और परिजनों को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

---

## खबर संक्षेप

### पश्चिमी नेपाल में महसूस भूकंप के झटके



**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत में रविवार सुबह 4.6 तीव्रता का भूकंप आया हालांकि किसी प्रकार के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप सुबह आठ बजकर 28 मिनट पर आया और इसका केंद्र दारचुला जिले के घुसा क्षेत्र में स्थित था। पड़ोसी जिलों में भी झटके महसूस किए गए। हालांकि, भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है।

### छह किलो से अधिक हेरोइन, पिस्तौल बरामद

**चंडीगढ़।** पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा पर दो अलग-अलग तलाशी अभियानों में बीएसएफ ने छह किलोग्राम से ज्यादा हेरोइन और एक पिस्तौल बरामद की। इनमें से एक अभियान अमृतसर में चलाया गया। बीएसएफ के जवानों ने शनिवार रात एक ड्रोन देखे जाने के बाद व्यापक तलाशी अभियान चलाया। दाओके गांव के पास एक खेत से 6.638 किलोग्राम वजन की हेरोइन के 12 पैकेट बरामद किए। फिरोजपुर के सीमावर्ती इलाके में चलाए गए एक अन्य अभियान में बीएसएफ कर्मियों ने एक गांव के पास एक खेत से एक पिस्तौल और चार कारतूस बरामद किये।

---

# आंध्रप्रदेश में 33 लाख के ईनामी दंपति का सरेंडर, मप्र में नक्सलियों ने डाले हथियार



सुकमा



राजनांदगांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/राजनांदगांव

सरकार की पॉलिसी से प्रभावित होकर नक्सलियों के हथियार डालने का क्रम लगातार जाती है। छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत आने वाले सुकमा जिले के नक्सल जोड़े ने आंध्र प्रदेश में सरेंडर कर दिया है। वहीं, मध्यप्रदेश के बालाघाट में भी करोड़ों रुपए के कई ईनामी नक्सलियों ने हथियार डाले हैं।

सुकमा जिले के नक्सली दंपति ने आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में सरेंडर कर दिया। एसजेडसीएम दिरदो विज्जल उर्फ़ जयलाल और उसकी पत्नी डीवीसीएम मडवी गंगी उर्फ विमला उर्फ भीमे ने रविवार को आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। इन पर 33 लाख का ईनाम था।

दिरदो विज्जल, जो सुकमा जिले के गगनपल्ली के बोडेगुब्बल गांव का निवासी है। 1994 से बाल संघम से जुड़कर दरभा डिविजन के सैन्य प्रभारी और दक्षिण सब-जोनल कमेटी सदस्य तक कई अहम जिम्मेदारियां संभाली। उसके ऊपर ▶▶|शेष पेज 6 पर

### *केबी डिविजन के कान्हा-भोरमदेव दलम के नक्सलियों ने बीती रात आत्मसमर्पण किया*

*मध्यप्रदेश के बालाघाट में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के सीमा पर सक्रिय केबी डिविजन के कान्हा-भोरमदेव दलम के नक्सलियों ने बीती रात को आत्मसमर्पण कर दिया है। इसी के साथ ही कवर्धा-बालाघाट डिविजन में अब खटियामोचा दलम रह गया है। बालाघाट में एक एसजेडसी मेंबर समेत एक डीवीसीएम और एसीएम स्तर के नक्सलियों ने हथियार डाला है। बताया जा रहा है कि सरेंडर नक्सलियों की मुख्यधारा में वापसी की औपचारिक घोषणा मध्य प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में होगी।* ▶▶|शेष पेज 6 पर

---

मुख्यमंत्री का बड़ा बयान

# जमीन की गाइडलाइन दरों पर सीएम विष्णुदेव ने कहा- कर रहे पुनर्विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जमीन की नई गाइडलाइन दरों पर जारी सियासी घमासान के बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, नई दरों को लेकर विभाग स्तर पर चर्चा जारी है। उन्होंने साफ किया कि यदि जनता पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ा या खरीद–फरोख्त की प्रक्रिया प्रभावित हुई तो सरकार इस निर्णय पर दोबारा विचार करने के लिए पूरी तरह तैयार है। छत्तीसगढ़ में जमीनों के लिए जारी की गई नई कलेक्टर गाइडलाइन दरों ▶▶|शेष पेज 6 पर



### राजनीतिक हलचल तेज

नई गाइडलाइन दरों के खिलाफ कई जगहों पर खुला विरोध शुरू हो चुका है, जिससे सरकार पर दबाव भी बढ़ रहा है। माना जा रहा है कि जल्द ही इन दरों में संशोधन या राहत संबंधी कोई बड़ा फैसला सामने आ सकता है।

### आठ साल से स्थिर थीं जमीन दरें

मुख्यमंत्री के अनुसार, वर्ष 2017 के बाद से गाइडलाइन दरों में कोई संशोधन नहीं हुआ, जबकि नियमों के मुताबिक हर साल इनका अद्यतन होना जरूरी है। उन्होंने कहा, दरों में बढ़ोतरी के कई लाभ भी हैं, लेकिन वे अभी लोगों तक पर्याप्त रूप से नहीं पहुंच पाए हैं। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि जनता को राहत देने के सभी विकल्प सरकार के स्तर पर गंभीरता से देखे जाएंगे।

---

साली के घर पहुंची पुलिस

# 30 करोड़ का फ्रॉड, विक्रम भट्ट और उनकी पत्नी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई

फिल्ममेकर विक्रम भट्ट को कथित तौर पर 30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी राजस्थान पुलिस और मुंबई पुलिस ने मिलकर विक्रम भट्ट की साली के घर पर की। राजस्थान पुलिस अब बांद्रा कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड की मांग करेगी ताकि वो उन्हें आगे की पूछताछ के लिए उदयपुर ले जा सके। यह कदम विक्रम भट्ट, उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट और छह अन्य लोगों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी होने के बाद उठाया गया है। उन्हें 8 दिसंबर तक उदयपुर पुलिस ▶▶|शेष पेज 6 पर

### क्या है मामला?

एफआईआर के अनुसार, विक्रम भट्ट, डॉ. मुर्डिया की दिवंगत पत्नी पर एक बायोपिक बनाने के लिए राजी हो गए। उनसे कहा कि वह सारा काम संभालेंगे। बताया जा रहा है कि जैसे फिल्म के प्रोडक्शन का काम आगे बढ़ा, तो विक्रम भट्ट ने कथित तौर पर पैसे मांगे और कहा कि उनकी पत्नी और बेटी इसमें सहयोगी के तौर पर शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट के लिए श्वेतांबरी भट्ट के नाम से वीएसबी एलएलपी नाम की एक कंपनी रजिस्टर कराई गई थी।

---

मंधाना- पलाश की 2019 में पहली मुलाकात, नवंबर में होनी थी शादी

# छह साल की मोहब्बत शादी तक पहुंची, पर अधूरी रह गई दास्तां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अलग खबर



शादी के कार्ड बंट चुके थे...मेहमान आ चुके थे, रस्में जारी थीं..तभी खबर आई कि स्मृति मंधाना के पिता की तबियत अचानक खराब होने के बाद शादी को अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया। अटकलों का बाजार गर्म हुआ...सोशल मीडिया पर यूजर्स ने पलाश पर मंधाना को धोखा देने के आरोप लगाए, लेकिन दोनों की तरफ से किसी ने सफाई नहीं दी। इस बीच रविवार 7 दिसंबर को दोनों ने शादी टूटने का ऐलान कर दिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने रविवार को घोषणा की कि उनकी शादी रद्द कर दी गई है तथा उन्होंने प्रशंसकों और मीडिया से अटकलों पर विराम लगाने का आग्रह किया, जबकि संगीतकार पलाश मुछाल ने पुष्टि की कि उन्होंने रिश्ते से आगे बढ़ने का फैसला किया है। मुछाल ने अपमानजनक अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्मृति और पलाश की पहली मुलाकात मुंबई ▶▶|शेष पेज 6 पर

### मंधाना ने कहा- शादी रद्द कर दी गई

भारत की सबसे प्रमुख महिला क्रिकेटरों में से एक मंधाना ने पिछले महीने अपनी निजी जिंदगी को लेकर अफवाहें तेज होने के बाद सोशल मीडिया पर अपना पहला सार्वजनिक बयान जारी किया। मंधाना ने लिखा, मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि शादी रद्द कर दी गई है। मैं इस मामले को यहीं समाप्त करना चाहती हूं और आप सभी से भी ऐसा करने का अनुरोध करती हूं।

### बेहतरीन बल्लेबाज

पिछले लगभग एक दशक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम की मुख्य सदस्य रही 28 वर्षीय मंधाना बेहतरीन बल्लेबाज हैं और खेल के प्रत्येक प्रारूप में उनकी बल्लेबाजी काफी मायने रखती है। भारतीय महिला टीम का 2026 का कार्यक्रम काफी व्यस्त है और बाएं हाथ की इस खिलाड़ी ने दोहराया कि उनकी पेशेवर प्रतिबद्धताएं उनके लिए प्राथमिकता बनी रहेंगी। मंधाना ने अपने बयान के आखिर में लिखा, आप सभी के समर्थन के लिए आभार। अब आगे बढ़ने का समय आ गया है।



# शीतलहर से बढ़ी कंपकपी, पारा सामान्य से 4.5 डिग्री नीचे

पश्चिम एवं पश्चिमोत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से शहर सहित पूरा सरगुजा संभाग पिछले दो दिनों से शीतलहर की चपेट में है। न्यूनतम पारा के सामान्य से 4.5 नीचे पहुंचने के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड से पठारी क्षेत्रों का बुरा हाल है तथा पारा 4.0 डिग्री सेल्सियस पर स्थित है।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अम्बिकापुर

खास खबर

पश्चिम एवं पश्चिमोत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से पिछले एक सप्ताह से पारा में लगातार गिरावट हो रही है जिससे शनिवार को पारा में तेज गिरावट दर्ज की गई थी तथा न्यूनतम तापमान गिरकर 4.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। पठारी क्षेत्र मैनपाट, सामरीपाट एवं लहसून पाट के पारा में तेज गिरावट दर्ज की गई थी। तापमान 4 डिग्री के निकट पहुंच गया था। नवम्बर में रिकॉर्ड ठंड पड़ने के बाद शनिवार को पारा में रिकॉर्ड गिरावट होने के कारण क्षेत्रवासी ठंड से बेहाल रहे। कड़ाके की ठंड पड़ने के साथ शनिवार से आसमान पर ऊपरी स्तर के छिटपुट बादलों की आवाजाही भी जारी है, लेकिन ठंड पर इसका खास प्रभाव नहीं पड़ा है। रविवार को तापमान में आंशिक गिरावट दर्ज की गई है लेकिन शीतलहर पर इसका खास प्रभाव नहीं पड़ा है। रविवार को न्यूनतम तापमान 0.6 डिग्री की गिरावट के साथ 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है।जबकि छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट सहित अन्य पठारी क्षेत्रों का पारा 4.0 डिग्री के निकट स्थित है। दिन में पश्चिमोत्तर की सर्द हवाएं चलने के कारण जनजीवन पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। सुबह खेत-खलिहानों में पाला की सफेद चादर बिछ जा रही है। पारा में अधिक गिरावट होने के बावजूद ठंड से राहत नहीं मिली है। अभी भी पारा सामान्य से 4.5 डिग्री नीचे है तथा वातावरण की शुष्कता में लगातार वृद्धि हो रही है।



### मैनपाट में बिछी पाला की सफेद चादर

छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट, बलरामपुर के सामरी पाट एवं लहसून पाठ में दिन में भी पश्चिमोत्तर की हवाएं चल रही हैं तथा दिन में भी कड़ाके की ठंड महसूस हो रही है। ठंड बढ़ने के कारण लोग दिन निकलने के बाद ही अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं तथा शाम ढलने के पूर्व ही घर पहुंच जा रहे हैं। ठंड बढ़ने से खेती के कार्य भी प्रभावित हो गए हैं। सुबह चारो तरफ पाला की सफेद चादर बिछ जा रही है तथा रात में धुंध बढ़ जा रही है।

### दो दिनों तक ठंड से नहीं मिलेगी राहत

मौसम विज्ञानी के अनुसार उत्तर भारत में एक कमजोर पछुआ विक्षोभ सक्रिय है लेकिन विक्षोभ उत्तर भारत से पहुंच रही शीतलहर को प्रभावित करने योग्य नहीं है। पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, ओड़िशा एवं झारखण्ड भी शीतलहर से प्रभावित हैं। सर्द हवाओं का प्रवाह जारी रहने के कारण आगामी दो दिनों तक ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं का प्रवाह लगातार जारी है। दो दिन बाद पारा में कुछ वृद्धि होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### तीसरी मंजिल में बंद पड़े जिम में लगी आग

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के भगत सिंह चौक के पास एक तीन मंजिल बिल्डिंग के आखरी माले में बंद पड़े एक जिम में आग लग गई। आग लगने की इस घटना की सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे के अंदर आग पर काबू पा लिया। आग कैसे लगी और इससे कितना नुकसान हुआ है, इस संबंध में पुलिस जांच कर रही है।
दमकल विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि रात करीब 10 बजे सूचना मिली कि भगत सिंह चौक के पास एक तीन मंजिल बिल्डिंग के एक कमरे में आग लग गई है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की एक गाड़ी के साथ टीम मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया।

### बगैर अनुमति निकाली रैली, अपराध दर्ज

**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी (छत्तीसगढ़िया सर्व समाज संगठन) के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं के खिलाफ बगैर अनुमति रैली निकालने के आरोप में अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने अनिल दुबे, ललित बघेल सहित अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। संगठन से जुड़े नेताओं ने बगैर अनुमति शुक्रवार को दोपहर 1 बजे आमापारा से छत्तीसगढ़ अस्मिता बचाव रैली का आयोजन किया था। रैली की वजह से जीई रोड पर दो घंटे तक ट्रैफिक बाधित रहा और लोग परेशान होते रहे।

### मोबाइल दिलाने का झांसा कृषि भूमि अपने नाम की

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक बुजुर्ग ने पिता-पुत्र के खिलाफ अपने नाती को मोबाइल दिलाने का झांसा देकर छह एकड़ कृषि भूमि अपनी भतीजी के नाम कराने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रवेली निवासी केशलाल बया ने पुनाराम साहू तथा उसके बेटे विक्रम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुनाराम तथा उसके बेटे केशलाल के नाती, जो मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर है, उसे नया मोबाइल दिलाने का झांसा देकर जमीन के मूल दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए। और दस्तावेज में हेरफेर कर तीन करोड़ रुपए की जमीन को 63.45 लाख में खरीदी दिखाकर पुनाराम ने उक्त जमीन अपनी भतीजी के नाम कर दी।

### बदमाश ने युवक से पैर छूकर माफी मंगवाई

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र के चंगोराभाठा में एक बदमाश द्वारा क्षेत्र में अपना वर्चस्व स्थापित करने एक युवक को चाकू की नोक पर पैर छूकर माफी मंगवाने का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल किया जा रहा है। घटना की थाना में अब तक किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस अपने स्तर पर पड़ताल कर कार्रवाई करने की बात कह रही है। वायरल वीडियो में यश नाम का युवक दूसरे लड़के को सोशल मीडिया पर झूठी बातें फैलाने का आरोप लगाते हुए धमका रहा है। चाकू की नोक पर वह लड़के को पैर छूने के लिए मजबूर करता है। इसके बाद लड़का डर कर यश नामक बदमाश के पैर छूकर माफी मांगते दिख रहा है। पीड़ित लड़के ने विरोध करने की कोशिश भी की, लेकिन डर के कारण विवश होकर माफी मांगता है।

### केंद्रीय जेल के 40 पुरुष एवं 30 महिला बंदी ने दी उल्लास परीक्षा

# नक्सली पुनर्वास केंद्र आड़ावाल के 40 आत्मसमर्पित माओवादियों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

अलग खबर

उल्लास परीक्षा के अंतर्गत बस्तर जिला के लगभग 36000 परीक्षार्थी महापरीक्षा में सम्मिलित हुए। जिले में 771 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। 200 घंटे की पढ़ाई पूर्ण करने वाले असाक्षर परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिनकी 200 घंटे की पढ़ाई नहीं हुई है वो भी स्वागत परीक्षा के रूप में सम्मिलित हुए। जिले मे आदर्श महापरीक्षा केन्द्र स्थापित किये गये थे। आदर्श केन्द्र चिलकुटी, मांदलापाल एवं राजपुर, छापर भानपुरी, डिलमिली । केंद्रीय जेल के 40 पुरूष एवं 30 महिला बंदी उल्लास परीक्षा के अंतर्गत महापरीक्षा अभियान में सम्मिलित हुए। इस परीक्षा की महत्वपूर्ण बात यह थी कि नक्सली पुनर्वास केंद्र आड़ावाल के 40 आत्म समर्पित पूर्व नक्सलियों ने उल्लास की परीक्षा दी । संयुक्त संचालक शिक्षा एचआर सोम, जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को परीक्षा में शामिल होने के लिए पहल की।

### बस्तर जिले के 771 परीक्षा केंद्र में 36 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए

नक्सली पुनर्वास केंद्र आड़ावाल के 40 आत्मसमर्पित माओवादियों ने साक्षर बनने के लिए रविवार को उल्लास परीक्षा दी। कई केंद्रों में सास- बहू, देवरानी जेठानी और पति-पत्नी परीक्षा में शामिल हुए। 200 घंटे की पढ़ाई करने के बाद परीक्षा में शामिल हुए।





### स्वयंसेवियों छात्राओं का हुआ स्वागत

चिलकुटी में जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा स्वयंसेवी छात्राओं को पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया। जिला नोडल अधिकारी राकेश खापर्डे ने बताया कि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवियों द्वारा असाक्षरों को साक्षर करने का कार्य किया जाता है।



### पति-पत्नी, सास-बहू और देवरानी- जेठानी ने दी परीक्षा

परीक्षा केंद्र धर्माऊर विकासखण्ड लोहण्डीगुडा में पति- पत्नी हाड़ीराम एवं हेमवती कश्यप, प्राथमिक शाला कुरंदी में भी पति पत्नी ने परीक्षा महाभियान में सम्मिलित हुए। वहीं सास पेटली, बहू सन्ती परीक्षा केन्द्र मांदलापाल, देवरानी जानकी नाग, जेठानी सुबाय नाग टाकरागुडा, दिव्यांग मंगली कुरंदी भी इस महापरीक्षा अभियान में शामिल हुए।


### शिकायत पर जांच के आदेश

## कैल्शियम सिरप की बोतल में चिपचिपी वस्तु, मांस होने के संदेह में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

गर्भावस्था के दौरान महिला को सेवन के लिए दिए गए कैल्शियम सिरप की बोतल से निकली चिपचिपी वस्तु को लेकर देवपुरी उप स्वास्थ्य केंद्र में हंगामा हो गया। महिला और उसके परिजनों ने बोतल में मांस होने का संदेह जताया, जिसके बाद देवपुरी स्वास्थ्य केंद्र में हंगामा हो गया। शिकायत मिलने पर मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। संदेह यह है कि ठंड के मौसम में कैल्शियम की सिरप जम गई होगी, जो ढक्कन खोलने पर उसी हालत में बाहर आ गई। जानकारी के अनुसार कमल विहार में रहने वाली देविका गर्भवती है और उसका इलाज देवपुरी के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हो रहा है। बताया जाता है कि 14 नवंबर को जांच के दौरान चिकित्सकीय स्टाफ ने उसे पीने के लिए कैल्शियम सिरप दिया था। आज देविका ने जब बोतल का ढक्कन खोला, तो उसमें से चिपचिपी वस्तु निकली, जिसके मांस होने का संदेह जताया गया।





### सिरप की अन्य बोतल में भी टुकड़े दिखे

साहू दंपति ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जब इस घटना के बारे में बताया, तो वहां के कर्मचारियों ने स्टॉक में मौजूद कुछ अन्य सिरप की जांच की, तो उसमें भी इस तरह की वस्तु नजर आई। उन्होंने सजगता दिखाते हुए सिरप की बोतल को सील कर दिया। महिला ने चिकित्सकीय स्टाफ को बताया कि सिरप में तैर रहे इस टुकड़े को देखकर वह भयभीत हो गई और तत्काल पति के साथ हेल्थ सेंटर आ गई।

### नए सत्र के लिए फिर आवेदन

## पिछली बार भर सकी थी इंजीनियरिंग की सिर्फ 50 प्रतिशत सीटें



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए मान्यता नवीनीकरण और नवीन संबद्धता के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। आवेदन फॉर्मेट सहित अन्य सभी जानकारियां विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। महाविद्यालय दिसंबर अंत तक आवेदन कर सकेंगे। ना केवल इंजीनियरिंग महाविद्यालय बल्कि फॉर्मेसी महाविद्यालयों को भी इस अवधि में आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए यह प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इंजीनियरिंग महाविद्यालयों की मौजूदा सत्र में करीब 11 हजार सीटें हैं। तीन राउंड में 5751 सीटों में प्रवेश हुआ। इस तरह से 4201 खाली रह गए थे।इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के विपरित फॉर्मेसी पाठ्यक्रमों को लेकर छात्रों में क्रेज अभी भी है।

### बंद होने वाले महाविद्यालय नहीं करेंगे आवेदन

इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में छात्रों की रुचि कम होने के बाद से बीते 10 वर्षों में लगभग 20 महाविद्यालयों पर ताला लग चुका है। 2015 में प्रदेश में 51 इंजीनियरिंग महाविद्यालय थे। जबकि वर्तमान में 33 इंजीनियरिंग महाविद्यालय ही हैं। इनमें शासकीय महाविद्यालय भी शामिल हैं। जो महाविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2026-27 में संस्थान बंद करना चाहते हैं, वे संबद्धता के लिए आवेदन नहीं करेंगे। बीते दो वर्षों में बंद होने वाले महाविद्यालयों में अधिकतर दुर्ग-भिलाई के ही रहे हैं। शासकीय महाविद्यालयों के इतर अन्य इंजीनियरिंग महाविद्यालयों को छात्र ढूंढने में दिक्कत हो रही है।

### कम होगी सीट संख्या, ब्रांच में भी ताला

विश्वविद्यालय के अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, कई महाविद्यालय ऐसे हैं जो पूरा संस्थान बंद करने के स्थान पर कुछ ब्रांच को बंद करना चाह रहे हैं। कुछ ब्रांच की सीटें भी कम करने की तैयारी है। कई ब्रांच ऐसे हैं, जिसके लिए बीते कई सत्र से छात्र अधिक दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। इनकी मॉनिटरिंग कर महाविद्यालय इन्हें बंद करने की तैयारी में हैं, ताकि संबंधित ब्रांच संचालन के लिए नियुक्ति प्राध्यापक सहित अन्य खर्च बचाए जा सकें। शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में किसी भी ब्रांच बंद नहीं होगी और ना ही सीट संख्या में कमी आएगी।

## लूट की दर्ज कराई थी झूठी रिपोर्ट शिकायत करने वाला ही आरोपी

### 14.60 लाख की लूट की घटना में कुम्हारी पुलिस का बड़ा खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई/ कुम्हारी

थाना कुम्हारी अंतर्गत चरोदा निवासी आशीष राठौर (34 वर्ष) ने लूट की झूठी शिकायत की थी। पुलिस जांच में यह खुलासा हुआ है। उसने खुद प्रार्थी बनकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। बाद में पुलिस ने पूरे मामले को संदिग्ध मानते हुए आशीष से ही पूछताछ की। इसके बाद पूरी घटना सामने आ गई।

पूछताछ में पुलिस को आशीष ने बताया कि हिताची कंपनी के एटीएम में कैश लोडिंग करने की फ्रेंचाइसी ली थी। 6 दिसंबर को तेन्दुआ से मुरमुंदा दादर एटीएम में कैश लोडिंग करने के लिए नकद 14.60 लाख बैग में रखकर अपनी मोटर साइकिल से जा रहा था। कपसदा के पास तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चाकू दिखाकर डरा धमकाकर उसके बैग में रखे रुपए को लूट लिया गया। पुलिस ने धारा 309 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। साक्ष्य नहीं मिलने पर आशीष से पूछताछ शुरू की गई।



### विवेचना जारी

आरोपी द्वारा विभिन्न बैंक विभिन्न क्षेत्रों के एटीएम में रकम डालने के बाद अपने सेल्फ फंडिंग तीन एटीएम में 14.60 लाख रुपए डाला गया। बहरहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

### आमदनी कम हुई तो रचा षड़यंत्र

आशीष राठौर ने बताया कि पहले उसने 4 फ्रेंचाइजी हिताची एटीएम का लिया था, जो सेल्फ फंडिंग है। उसके बाद इसने 8 और फ्रेंचाइजी लिया, जो हिताची कंपनी फंडिंग है। 12 एटीएम में पैसा डालने के लिए कैश कम होने लगा था। एटीएम खाली हो जाने से ट्रांजेक्शन कम हो जाने के कारण इसका कमीशन भी कम आने लगा था। इसका घर कार लोन पर होने और एटीएम के किराया और रखरखाव में पैसा खर्च हो जाने से आमदनी कम हो गई थी। इसलिए उसने षड़यंत्र रचा। पुलिस रिपोर्ट होने से कंपनी को इंश्योरेंस आसानी से मिल जाता है, कोई दिक्कत नहीं होती। इसलिए उसने कपसदा के गोल्डन ग्लोबल स्कूल के पास लूट की कहानी रची।

### 16 दिसंबर को प्रारंभिक प्रकाशन के बाद दावा आपत्ति ली जाएगी

## एसआईआर में डिजिटलाइजेशन लगभग पूर्ण, अब सूची बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 1 जनवरी 2026 के लिए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ द्वारा प्रदेशभर में घर-घर जाकर पंजीकृत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का संग्रहण एवं डिजिटलाइजेशन कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। अब तक प्रदेश में लगभग 2 करोड़ 11 लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटलाइजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जो कुल 2 करोड़ 12 लाख 30 हजार 737 पंजीकृत मतदाताओं का लगभग 99.50 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ में 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के लिए मतदाता सूचियों के एसआईआर अभियान को गति मिल रही है। चुनाव आयोग के निर्देश पर 4 नवंबर से चल रहे इस कार्य में बीएलओ घर-घर पहुंचकर मतदाताओं के गणना प्रपत्र एकत्र किए जा रहे हैं। दरअसल, 4 नवंबर से एसआईआर की शुरुआत के बाद से बीएलओ डोर-टू-डोर पहुंचकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। इन पत्रों में वर्तमान मतदाता सूची की जानकारी पहले से दर्ज होती है, जिसमें मतदाता का नाम, पता, उम्र, फोटो ,अन्य विवरण शामिल है।



### विधानसभावार फार्म वितरण डिजिटलाइजेशन का विवरण

| | फार्म वितरण | ऑनलाइन |
|---|---|---|
| धरसींवा | 250611 | 250611 |
| रायपुर ग्रामीण | 379270 | 379220 |
| रायपुर पश्चिम | 306916 | 306095 |
| रायपुर उत्तर | 255454 | 205255 |
| रायपुर दक्षिण | 278163 | 278163 |
| आरंग | 249024 | 249024 |
| अभनपुर | 223085 | 223085 |

### 14 फरवरी को अंतिम प्रकाशन

उल्लेखनीय है कि विशेष गहन पुनरीक्षण का संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है जारी कार्यक्रम के अनुसार इसे एक सप्ताह आगे बढ़ा दिया गया है। गणना पत्रक भरने की अवधि 4 नवंबर से 11 दिसंबर रखी गई है। मतदान केंद्रों का पुनर्व्यवस्थापन 11 दिसंबर तक किया जाना है। कंट्रोल टेबल का अपडेशन और प्रारूप सूची की तैयारी 12 से 15 दिसंबर तक किया जाना है। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 16 दिसंबर को किया जाना है। दावे और आपत्तियां दर्ज करने की अवधि 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक किया जा सकता है।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### नांदगांव आगे बालोद-एमएमसी भी बेहतर

प्रदेशभर में अब तक 62252 किसानों ने 2099.48 हेक्टेयर रकबा का समर्पण किया है। इसमें सबसे अधिक 476 हेक्टेयर रकबा का समर्पण राजनांदगांव जिले के 5726 किसानों ने किया है। इसके बाद बालोद जिले के 8813 किसानों ने 368.31 हेक्टेयर, मोहला-मानपुर जिले में 456 किसानों ने 131.62 हेक्टेयर, कांकेर में 688 किसानों ने 122.62 हेक्टेयर, धमतरी में 5500 किसानों ने 104.99 हेक्टेयर, रायगढ़ में 2642 किसानों ने 110 हेक्टेयर रकबा का समर्पण कर दिया है।

# कोचियों से डेढ़ लाख क्विंटल धान जब्त, असर ये हुआ 62 हजार किसानों ने किया 2100 हेक्टेयर का समर्पण

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/ राजनांदगांव

प्रदेशभर में एक तरफ जहां धान उत्सव के तहत किसानों से 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में किसान अपने रकबे का समर्पण करने भी आगे आ रहे हैं। पिछले एक पखवाड़े के भीतर ही प्रदेशभर में 62 हजार से अधिक किसानों ने 2100 हेक्टेयर रकबा का समर्पण कर दिया है। रकबा समर्पण कराने के मामले में राजनांदगांव जिला सबसे आगे चल रहा है। यहां यह बताना लाजिमी है कि प्रदेशभर में अभी तक धान कोचियो से डेढ़ लाख क्विंटल धान जब्त किया जा चुका है। सीमाओं पर धान बेचने की घुसपैठ करने वाले धरे गए हैं। उल्लेखनीय है ▶▶ शेष पेज 6 पर

### इन जिलों में सुस्त रफ्तार

जहां कई जिलों में किसान बढ़-चढ़कर रकबा समर्पण करने आगे आ रहे हैं। वहीं कई जिलों में इसकी रफ्तार सुस्त चल रही है। इनमें सुकमा में 2 किसान ने 0.006 हेक्टेयर, सक्ती में दस किसानों ने 0.036 हेक्टेयर, बीजापुर में 11 किसानों ने 1.53 हेक्टेयर, गरियाबंद में 9 किसानों ने 1.07 हेक्टेयर, नारायणपुर में 14 किसानों ने 2.25 हेक्टेयर रकबा का समर्पण किया है।



### 20 दिन बाद कल से शुरू होगा उठाव

पिछले 15 नवंबर से शुरू हुई धान की सरकारी खरीदी में उठाव नहीं होने के कारण प्रदेश भर के खरीदी केंद्रों में धान जाम हो गया है। सूत्रों ने बताया कि राज्य शासन ने कल से उठाव के निर्देश जारी कर दिए है।

## सीमाओं पर पकड़ा जा रहा धान

हर जिले में अवैध धान की घुसपैठ भीएक तरफ जहां राज्य में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया तेजी से जारी है, लेकिन उसके साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में धान का अवैध परिवहन भी तेजी से हो रहा है। पिछले एक नवंबर से 6 दिसम्बर तक प्रदेश के विभिन्न जिलों से एक लाख 51 हजार 809 क्विंटल धान जब्त किया गया है। बताया गया है कि इस बार मार्कफेड द्वारा राज्य में अवैध परिवहन के जरिए अन्य राज्यों से छत्तीसगढ़ आने वाले धान को रोकने के लिए राज्य के सीमावर्ती जिलों में चेकपोस्ट और कलेक्टर की अध्यक्षता में टॉस्कफोर्स भी बनाई गई हैं। इसके साथ ही मार्कफेड में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है। अवैध परिवहन के माध्यम से आने वाले धान पर कार्यवाही की जा रही है।


### महासमुंद में सबसे अधिक धान हुआ जब्त

राज्य में अवैध परिवहन कर लाया गया सर्वाधिक धान महासमुंद जिले में 25,718 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इसी प्रकार धमतरी में 23,859 क्विंटल रायगढ़ जिले में 21,331 क्विंटल, राजनांदगांव 14,977 क्विंटल, बलरामपुर जिले में 9771 क्विंटल, बेमेतरा में 6490 क्विंटल, कवर्धा में 5734 क्विंटल, बालोद में 4595 क्विंटल, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 3770 क्विंटल, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कूनो से बाहर निकले के बाद चीता शावक की मौत



**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश में श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान से बाहर निकलने के बाद एक नर चीता शावक की रविवार तड़के उस समय मौत हो गई, जब ग्वालियर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

### शादी समारोह में गोली लगने से दो की मौत

**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में एक शादी समारोह के दौरान गोली लगने से दो नाबालिग लड़कों की मौत हो गयी। एक विवाह समारोह के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में गोलियां चलने से सोहेल (12) और शाहखद (17) गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस के मुताबिक, दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। शादी के दौरान डीजे बज रहा था।

**रविवार को करीब 1650 उड़ानें 650 फ्लाइट रद्द**

**धीरे-धीरे सामान्य हो रही देशभर में उड़ानों की स्थिति**

*इंडिगो में परिचालन संकट के छठवें दिन थोड़ा सुधार हुआ। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने रविवार को भी 650 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। हालांकि, कंपनी रविवार के लिए तय 2300 डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में से 1650 फ्लाइट को ऑपरेट की। इसी बीच, नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि इंडिगो के यात्रियों को अब तक कुल 610 करोड़ रुपए का रिफंड किया जा चुका है। इसके अलावा, यात्रियों को उनके 3000 से ज्यादा बैग भी सौंप दिए हैं।*

# इंडिगो ने यात्रियों को रिफंड किया 610 करोड़, 3000 से ज्यादा बैग भी सौंपे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडिगो ने रद्द या अत्यधिक विलंबित उड़ानों के लिए अब तक 610 करोड़ रुपये के रिफंड की प्रक्रिया पूरी कर ली है और शनिवार तक 3,000 नग सामान यात्रियों तक पहुंचा दिया गया है। सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। सरकार ने कहा कि देश का विमानन नेटवर्क तेजी से सामान्य स्थिति की ओर लौट रहा है और परिचालन पूरी तरह स्थिर होने तक सभी सुधारात्मक कदम लागू रहेंगे।

सरकार ने शनिवार को एयरलाइन को निर्देश दिया था कि रद्द उड़ानों से संबंधित टिकटों का रिफंड रविवार शाम तक पूरा किया जाए और यात्रियों के छूटे हुए सामान को अगले 48 घंटे के भीतर उन तक पहुंचाया जाए। मंत्रालय ने कहा कि इंडिगो के हालिया परिचालन संकट के कारण उत्पन्न व्यवधान को दूर करने के लिए तेज और प्रभावी कदम उठाए गए हैं, ताकि यात्रियों को आगे कोई असुविधा न हो। ▶▶ शेष पेज 6 पर

### शुक्रवार को रद्द हुई थीं 1000 से ज्यादा फ्लाइट्स

इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने रविवार को कहा कि एयरलाइन रविवार को लगभग 1650 फ्लाइट्स ऑपरेट कर रहा है। धीरे-धीरे हम सामान्य स्थिति की ओर लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिगो ने अपने सिस्टम में और भी सुधार किए हैं।

### जारी किया नोटिस

नागर विमानन महानिदेशालय ने इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स और उनके अकाउंटबल मैनेजर को औपचारिक रूप से कारण बताओ नोटिस जारी किया है। डीजीसीए ने हाल के दिनों में हुई बड़ी परिचालन गड़बड़ियों के लिए एयरलाइन को जिम्मेदार ठहराया है और योजना, निगरानी और संसाधन प्रबंधन में महत्वपूर्ण चूक का उल्लेख किया है।

### 10 तक सामान्य होंगे हालात

विमानन कंपनी इंडिगो ने कहा कि वह 10 दिसंबर तक अपने नेटवर्क के स्थिर होने की उम्मीद कर रही है। इससे पहले 10 से 15 दिसंबर के बीच ऐसा होने की संभावना जताई गई थी। इंडिगो के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, हालिया परिचालन समस्या के बाद, इंडिगो यह पुष्टि करती है कि हम अपने नेटवर्क में और भी महत्वपूर्ण व स्थायी सुधार लाने की कोशिश कर रहे हैं। रविवार को हमने 1,650 से अधिक उड़ानें संचालित की।

### आखिर इतने बड़े संकट में कैसे फंसा इंडिगो

*देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने अपने अब तक के सबसे बड़े परिचालन संकट के कारण हजारों फ्लाइट्स को कैंसिल कर दिया। नए नियमों के तहत पायलटों की ड्यूटी समय सीमा में बदलाव और इंडिगो के 'लीन-स्टाफिंग' मॉडल ने मिलकर इस भयावह संकट को जन्म दिया। दरअसल, डीजीसीए ने फ्लाई ड्यूटी टाइम लिमिट नियमों में बदलाव किए। नए नियमों के तहत पायलटों को हर हफ्ते दिए जाने वाले 36 घंटे के ब्रेक को बढ़ाकर 48 घंटे कर दिया गया, रात में फ्लाइट की संख्या सीमित कर 2 कर दिया गया। नए नियमों की वजह से प्रत्येक पायलट द्वारा ऑपरेट की जाने वाली फ्लाइट्स की संख्या में काफी कमी आ गई। इंडिगो ने अपने एयरबस ए320 फ्लीट के लिए 2422 कैप्टन की जरूरत बताई थी, लेकिन उनके पास सिर्फ 2357 कैप्टन उपलब्ध थे और 'फर्स्ट ऑफिसर्स' की संख्या भी कम थी, जिसकी वजह से इंडिगो को रोजाना सैकड़ों फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ीं।*

ट्रॉफी के साथ मिला 50 लाख रुपए

## 'बिग बॉस -19' के विनर बने गौरव खन्ना



**मुंबई।** टीवी के सुपरस्टार गौरव खन्ना ने 'बिग बॉस 19' का टाइटल अपने नाम कर ली है। गौरव खन्ना को 'बिग बॉस 19' की ट्रॉफी के साथ 50 लाख रुपए बतौर प्राइज मनी मिले हैं। रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में होस्ट के तौर पर इस बार भी कमान सलमान खान ने संभाली। शो काफी रोमांचक रहा। इस बार की थीम अलग थी। रविवार को शो का फिनाले एपिसोड काफी शानदार रहा। मगर, एक मौके पर सलमान खान ने दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र को याद किया। मगर, उनका नाम लेते ही वे टूट गए और फूट-फूटकर रोने लगे।

बताया जाता है कि गौरव खन्ना ने पूरा शो में कभी किसी अपशब्द का प्रयोग नहीं किया। उन्होंने कभी फालतू मुद्दे नहीं उठाए। मेकर्स कहते हैं कि बिग बॉस रिश्तों का शो है और गौरव खन्ना ने शो में दो सच्चे रिश्ते बनाए हैं। 'बिग बॉस 19' के एक्स कंटेस्टेंट्स मृदुल तिवारी और फाइनलिस्ट प्रणित मोरे को अपना छोटा भाई माना है। यही कारण है कि मृदुल शो से बाहर निकलने के बाद गौरव के लिए वोट अपील कर रहे हैं।

### दूसरे स्थान पर फरहाना

एक तरफ गौरव खन्ना विनर बन गए हैं। वहीं दूसरी तरफ फरहाना भट्ट ने दूसरे नंबर पर अपनी जगह बनाई है। तीसरे, चौथे और पांचवे नंबर पर प्रणित मोरे, तान्या मित्तल और अमाल मलिक आए हैं।

सुप्रीम कोर्ट में याचिका

## वांगचुक की हिरासत को चुनौती, आज सुनवाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि की उस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा जिसमें रासुका के तहत उनके पति को हिरासत में लिए जाने को 'अवैध और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने वाली एक मनमानी कार्रवाई' बताया गया है। सुनवाई न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ करेगी।

### शक्तियों का दुरुपयोग

वांगचुक की पत्नी की संशोधित अर्जी में कहा गया है, निरोधक शक्तियों का इस तरह मनमाना इस्तेमाल अधिकार का घोर दुरुपयोग है, जो संवैधानिक स्वतंत्रता और सही प्रक्रिया की बुनियाद को चोट पहुंचाता है और इस प्रकार हिरासत का आदेश इस अदालत द्वारा रद्द किये जाने के योग्य है। 24 सितंबर को लेह में हुई हिंसा की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के लिए वांगचुक के कामों या बयानों को किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

## साय की एमपी के सीएम से मुलाकात...



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भोपाल प्रवास के दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से रविवार की शाम समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य भेंट की।

*राजस्थान में पहली बार कानून लागू*

## शव रखकर प्रदर्शन किया तो होगी पांच साल जेल

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में अब मृतक शरीर को रखकर विरोध प्रदर्शन करना, लाश पर राजनीति करना और बिना वजह अंतिम संस्कार में देरी करना अपराध माना जाएगा। राज्य सरकार ने पूर्व कांग्रेस शासन में पारित 'मृतक शरीर सम्मान कानून' के नियम बिना किसी संशोधन के लागू कर दिए हैं। नियम लागू होने के बाद अब इस कानून के तहत सीधे कार्रवाई की जा सकेगी।

### परिजनों पर हो सकेगी कार्रवाई

अगर परिजन राजनीतिक या सामाजिक दबाव के लिए डेड बॉडी नहीं उठाते, तो उन्हें भी सजा मिलेगी। किसी भी नेता, संगठन या गैर-परिजन द्वारा शव के साथ विरोध करने पर भी 5 साल तक की सजा का प्रावधान है।

**अंतिम संस्कार 24 घंटे के अंदर करना अनिवार्य**

नियमों के मुताबिक, मृतक का अंतिम संस्कार 24 घंटे के अंदर करना अनिवार्य होगा। देरी सिर्फ मृतक के परिजन बाहर से आ रहे हों या फिर पोस्टमॉर्टम आवश्यक हो इन्हीं परिस्थितियों में ही मान्य होगी, अन्यथा पुलिस मृतक का शव अपने कब्जे में लेकर अंतिम संस्कार करवा सकेगी।

कोलकाता में रचा नया कीर्तिमान

## पांच लाख लोगों ने एक साथ किया गीता का पाठ



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल और पड़ोसी राज्यों से साधुओं एवं साध्वियों सहित लाखों श्रद्धालुओं ने कोलकाता के 'ब्रिगेड परेड ग्राउंड' में आयोजित भगवद गीता पाठ समारोह में भाग लिया। महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने मंच से दावा किया कि बड़ी संख्या में साधु- संतों सहित पांच लाख से अधिक लोगों ने सामूहिक गीता पाठ में हिस्सा लिया।

### शांति और अहिंसा की बात

राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने सभा को संबोधित करते हुए भगवद् गीता का पाठ किया तथा शांति और अहिंसा की बात की। प्रदीप्तानंद महाराज ने कहा कि लाखों की संख्या में लोगों का एकत्रित होना स्वत:स्फूर्त था और इसमें किसी राजनीतिक दल की कोई भूमिका नहीं थी। प्रदीप्तानंद महाराज ने कहा, प्रशासन के एक वर्ग के असहयोग के बावजूद पांच लाख से अधिक लोग प्रेम और भक्ति के कारण भगवद् गीता का पाठ करने पहुंचे।



चिंतन

# इंडिगो अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं में सुधार लाए

देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइंस को एक बड़े परिचालन संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण उसकी हजारों उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। लाखों यात्री प्रभावित हुए हैं। एयरपोर्ट पर रेलवे स्टेशन जैसे हालात दिखाई दे रहे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण पायलटों और क्रू की कमी, नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों का प्रभाव, और तकनीकी खामियां बताई जा रही हैं। एफडीटीएल नियमों के तहत पायलटों के उड़ान घंटों में कटौती और विश्राम अवधि में वृद्धि की गई है, जिससे इंडिगो को अचानक क्रू की कमी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा, एयरलाइन की नियोजन और मानव संसाधन प्रबंधन में कमियों ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। फिलहाल डीजीसीए ने जांच शुरू की है और एयरलाइन को सुधारात्मक उपाय प्रस्तुत करने को कहा है। वहीं, एफडीटीएल नियमों में अस्थायी छूट भी दी है, ताकि एयरलाइन क्रू की कमी को दूर कर सके। सरकार ने हस्तक्षेप करते हुए एयरलाइन को तत्काल रिफंड जारी करने, फेयर कैप लगाने और यात्रियों को राहत देने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद हजारों यात्री रोजाना परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इस केंद्रीय विमानन मंत्रालय ने बताया कि रविवार शाम तक एयरलाइन ने यात्रियों को 610 करोड़ रुपये का रिफंड कर दिया है। साथ ही कंपनी ने देशभर में यात्रियों के 3,000 से ज्यादा बैगेज भी लौटा दिए हैं। मंत्रालय ने बताया कि रिफंड या री-बुकिंग पर एक्स्ट्रा चार्ज नहीं लिया जाएगा। यात्रियों की मदद के लिए स्पेशल सपोर्ट सेल बनाए गए हैं। इसके साथ ही इंडिगो के फ्लाइट ऑपरेशन में भी तेजी आई है। डोमेस्टिक फ्लाइट पूरी क्षमता के साथ उड़ान भर रही हैं। इंडिगो का यह संकट न केवल एक एयरलाइन की विफलता है, बल्कि यह नियामकीय ढांचे और मानव संसाधन प्रबंधन की कमियों को भी उजागर करता है। सरकार और नियामक संस्थाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों और यात्रियों के अधिकारों की रक्षा हो सके। साथ ही, इंडिगो को अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं में सुधार लाना होगा और क्रू की कमी को तत्काल दूर करना होगा। पिछले करीब छह दिनों से चल रही इस हड़ताल के कारण हजारों यात्री फंसे, उड़ानें रद्द होने से यात्रा योजनाएं बिगड़ीं और कई को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। सोशल मीडिया पर यात्रियों की नाराजगी और सरकार से कार्रवाई की मांग उठी। इंडिगो के सामने आने वाली मुश्किलें केवल उसके परिचालन हिस्से तक सीमित नहीं हैं। यह कहीं गहरे जाकर उस संरचना से टकराती हैं, जिस पर पूरा विमानन उद्योग टिके होने का दावा करता है। भारत जैसा तेजी से विकसित होता बाजार लगातार नए यात्रियों को जोड़ रहा है, लेकिन उस गति से एयरलाइन कंपनियों, हवाई अड्डों, तकनीकी प्रणालियों और मानव संसाधनों ने खुद को तैयार नहीं किया। परिणामस्वरूप, जैसे-जैसे उड़ानों का दायरा बढ़ा, वैसे-वैसे हर छोटे व्यवधान का असर बड़ा और व्यापक होता गया। इंडिगो के मामले में यह असर सबसे ज्यादा दिखाई दिया क्योंकि उसके बेड़े और नेटवर्क का आकार बाकी एयरलाइनों की तुलना में कहीं विशाल है। छोटे व्यवधान भी बड़े पैमाने पर यात्रियों को प्रभावित करते हैं। इंडिगो का संकट हमें याद दिलाता है कि विमानन सिर्फ आसमान में उड़ने की कहानी नहीं, बल्कि ज़मीन पर की गई सूझबूझ भरी तैयारियों का परिणाम है। यह क्षण इंडिगो के लिए चेतावनी भी है और सुधार का अवसर भी और उद्योग के लिए भविष्य की दिशा तय करने का समय भी है।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# चुनौतियों के बावजूद विकास दर बढ़ी

**भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में जुलाई-सितंबर की तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ी है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। खास बात यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने विकास दर के मामले में दुनिया की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दिया है। चालू वित्त वर्ष में चुनौतियों के बावजूद जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से अधिक रहने की संभावना है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत की 8.2 प्रतिशत की विकास दर वृद्धि समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव को बताती है, वहीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के द्वारा कारोबारी सुगमता और उत्पादकता बढ़ाने जैसे कदमों से जीडीपी बढ़ी है।**

हाल ही में सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में जुलाई-सितंबर की तिमाही में 8.2 प्रतिशत बढ़ी है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 5.6 प्रतिशत थी। खास बात यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने विकास दर के मामले में दुनिया की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ दिया है। स्थिति यह है कि चालू वित्त वर्ष में चुनौतियों के बावजूद जीडीपी की वृद्धि दर उम्मीद से अधिक रहने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की 8.2 प्रतिशत की विकास दर वृद्धि समर्थक नीतियों और सुधारों के प्रभाव को बताती है, वहीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार के द्वारा कारोबारी सुगमता और उत्पादकता बढ़ाने जैसे कदमों से जीडीपी बढ़ी है।

गौरतलब है कि इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में महंगाई घटने और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर में कटौती से उपभोग और घरेलू खपत में जोरदार इजाफा होने से विकास दर बढ़ी है। जहां भारत की अर्थव्यवस्था ट्रंप के टैरिफ का प्रतिकूल असर झेल गई, वहीं निर्यात, पूंजीगत निवेश और निवेश रुझान पर प्रतिकूल असर की चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ आगे बढ़ी है। साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक अनिश्चितताओं से निर्मित हो रही चुनौतियों से निपटने की स्थिति में है। निश्चित रूप से जब दुनिया के अधिकांश देशों में महंगाई तेजी से बढ़ रही है, वहीं भारत में महंगाई में तेज कमी भारत की एक बड़ी आर्थिक ताकत बन गई है। हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां अक्टूबर 2025 में खुदरा महंगाई घटकर पिछले 10 साल के न्यूनतम स्तर 0.25 प्रतिशत पर आ गई, वहीं थोक महंगाई 27 महीने के निचले स्तर शून्य से 1.21 प्रतिशत नीचे रही है।

महंगाई में यह ऐतिहासिक कमी प्रमुखतया सब्जियां, फल, अंडे, फुटवियर, अनाज व उससे बने उत्पाद, बिजली, परिवहन और संचार आदि मदों की महंगाई में गिरावट के कारण हुई है। महंगाई में आई गिरावट के पीछे विगत 22 सितंबर से लागू वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार की भी अहम भूमिका है। जीएसटी दरों में की गई कमी से खाने-पीने की सभी वस्तुएं सस्ती हुई हैं। क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर 2025 में शाकाहारी थाली सालाना आधार पर 17 फीसदी सस्ती होकर 27.8 रुपये और मांसाहारी थाली 12 फीसदी सस्ती होकर 54.4 रुपये के मूल्य स्तर पर पाई गई। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है। अनुमान है कि इस वित्त वर्ष 2025-26 में औसतन खुदरा महंगाई दर 2.5 प्रतिशत रह सकती है, जो पिछले वर्ष के 4.6 प्रतिशत के मुकाबले काफी कम होगी। निस्संदेह भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती के मद्देनजर महंगाई घटने और जीएसटी सुधार के साथ-साथ कुछ और आर्थिक



अनुकूलताएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत ने रूस और चीन के साथ आर्थिक-वैश्विक कूटनीति और नए निर्यात बाजारों में आगे बढ़ने की जो रणनीति अपनाई, वह कारगर दिखाई दे रही है। इस नीति से ट्रंप के टैरिफ के बीच पिछले अगस्त से अक्टूबर माह में अमेरिका को छोड़कर अन्य देशों में भारत के निर्यात बढ़े हैं। इन सबके साथ-साथ विभिन्न देशों के साथ तेजी से आकार लेते हुए दिखाई दे रहे भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) भारत के निर्यात के मद्देनजर मील का पत्थर बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, 21 नवंबर से देश में लागू नए श्रम कानून देश के आर्थिक विकास में नई प्रभावी भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकार के बड़े फैसले जैसे कि पहला टैक्स में कटौती और दूसरा मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित बढ़ोतरी को बढ़ावा मिलेगा। यह आर्थिकी को तेजी से बढ़ाएगी। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा कि जीएसटी की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी और इस वर्ष शुरू की गई आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती का पूरक बनेंगी। इन बदलावों से चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक बड़ा चालक बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि यद्यपि चालू वित्त वर्ष 2025- 26 में वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और व्यापार तनाव के बीच वैश्विक वृद्धि दर धीमी है, लेकिन इसके बावजूद भारत मजबूत घरेलू खपत के दम पर 6.6 फीसदी विकास दर प्राप्त करते हुए दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओ में सबसे अधिक विकास दर की संभावनाएं रखता है।

साथ ही भारत की विकास दर चीन से भी अधिक अनुमानित है। नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की मध्यवर्ती आर्थिक समीक्षा में कहा कि जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने और महंगाई में कमी का लाभ भारत की अर्थव्यवस्था को मिला है। लेकिन अमेरिका की टैरिफ चुनौतियों सहित अन्य वैश्विक आर्थिक मुश्किलों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था का क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन बेहतर करने हेतु उद्योग-कारोबार को आर्थिक-वित्तीय सहारा जरूरी है। इसी प्रकार विश्व बैंक की वित्तीय क्षेत्र आकलन (एफएसए) रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत विकास की डगर पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन अब भारत को 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए आर्थिक-वित्तीय क्षेत्र में सुधारों को और तेजी देने तथा उद्योग-कारोबार के लिए निजी पूंजी जुटाने को बढ़ावा देने की जरूरत है। निश्चित रूप से देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और 2047 तक दुनिया का विकसित देश बनाने के मद्देनजर कई अहम बातों पर ध्यान देना होगा। जीएसटी के बाद अब ऊंची आर्थिक विकास दर के मद्देनजर नई पीढ़ी-अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए आगे बढ़ने की जरूरत है। इन सुधारों के तहत जीवन में आसानी, कारोबार सुगमता, बुनियादी ढांचा सुधार, प्रशासन को सशक्त बनाने और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने संबंधी सुधार शामिल हैं। साथ ही देश को कृषि, बैंकिंग, बीमा, परिवहन और दूरसंचार, बिजली, परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष और रक्षा, पेट्रोलियम, कोयला और अन्य खनिज आदि सुधारों की डगर पर भी आगे बढ़ना होगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।



बोधि दिवस

श्वेता गोयल

# हजारों वर्षों बाद भी प्रासंगिक हैं गौतम बुद्ध की शिक्षाएं

हर साल 8 दिसंबर को बोधि दिवस मनाया जाता है, यह दिन राजकुमार सिद्धार्थ गौतम को परम ज्ञान की प्राप्ति के उपलक्ष्य में समर्पित है, जिसके बाद वे गौतम बुद्ध या जागृत व्यक्ति के रूप में जाने गए। दुनियाभर में यह पवित्र दिन विभिन्न नामों से मनाया जाता है और बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बोधि दिवस केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है बल्कि आध्यात्मिक जागरण, आत्म-ज्ञान और मानवीय करुणा का प्रतीक है, जो हमें जीवन के सार को समझने के लिए प्रेरित करता है। गौतम बुद्ध का जीवन एक असाधारण आध्यात्मिक यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है। लुम्बिनी (वर्तमान नेपाल) में 562 ईसा पूर्व में जन्म लेने वाले सिद्धार्थ गौतम राजा शुद्धोधन के पुत्र थे, जो शाक्य वंश के वंशज थे। वे राजकीय सुख-सुविधाओं में पले-बढ़े थे लेकिन 29 वर्ष की आयु में उनकी सोच पूरी तरह बदल गई। एक बार राज्य भ्रमण के दौरान जब सिद्धार्थ ने आसपास की गरीबी, बीमारी और कष्ट को देखा, तो उनके हृदय पर गहरा प्रभाव पड़ा। राजसी जीवन उनके लिए अर्थहीन हो गया और उन्होंने सत्य की खोज के लिए सभी सांसारिक सुखों का त्याग कर दिया। एक रात चुपचाप राजमहल को छोड़कर सिद्धार्थ गौतम अपनी आध्यात्मिक यात्रा पर निकल पड़े। अगले छह वर्षों में सिद्धार्थ ने कठोर तपस्या की और गहन आत्मनिरीक्षण के माध्यम से जीवन के वास्तविक अर्थ को समझने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न आध्यात्मिक प्रथाओं का पालन किया लेकिन सच्चा ज्ञान उन्हें तब मिला, जब वह बिहार के बोधगया में एक बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान में बैठे। यह वह क्षण था, जब सिद्धार्थ गौतम को अपने भीतर और ब्रह्मांड के रहस्यों का ज्ञान प्राप्त हुआ और वे 'बुद्ध' अर्थात प्रबुद्ध या जागृत व्यक्ति बन गए। 'बुद्ध' शब्द संस्कृत में एक ऐसे व्यक्ति को संदर्भित करता है, जो अपने आत्मबोध और अध्यात्मिक चेतना तक पहुंच गया हो। यह घटना करीब 2,500 वर्ष पहले घटी थी और इसी के उपलक्ष्य में हर वर्ष 8 दिसंबर को बोधि दिवस मनाया जाता है। बोधि दिवस की मनाई जाने वाली परंपराएं और इसका सांस्कृतिक महत्व सारी दुनिया में समान हैं। इस दिन बौद्ध धर्म के अनुयायी गहन ध्यान करते हैं, बौद्ध ग्रंथों का जाप और अध्ययन करते हैं और महात्मा बुद्ध की पूजा करते हैं। बोधि दिवस केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है बल्कि यह एक सामूहिक मंच प्रदान करता है, जहां लोग सामान्य भलाई के लिए काम करने के लिए एकजुट होते हैं। इस दिन समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एक साथ आते हैं और दूसरों के कल्याण के लिए अच्छे कार्य करते हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी आपस में जुड़े हुए हैं और हमारे कार्यों का प्रभाव समाज के प्रत्येक सदस्य पर पड़ता है। गौतम बुद्ध ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से एक सार्वभौमिक धर्म की स्थापना की, जो आयु, जाति, राष्ट्रीयता, पेशे, लिंग और अन्य सभी सामाजिक बाधाओं से परे है। उनका दर्शन यह है कि आत्मज्ञान और मुक्ति का मार्ग सभी के लिए खुला है, चाहे वह कोई भी हो। बुद्ध ने मनुष्य को नैतिकता, ध्यान और ज्ञान के अभ्यास के माध्यम से आत्मज्ञान का रास्ता दिखाया। उनकी शिक्षा का केंद्र बिंदु मध्यम मार्ग है, जो अत्यधिक तपस्या और इंद्रिय भोग दोनों से बचता है। यह मार्ग सीधे निर्वाण की ओर ले जाता है, जो अज्ञानता, तृष्णा, पुनर्जन्म और दुःख से मुक्ति है। बुद्ध ने अपनी शिक्षा का सारांश आर्य अष्टांगिक मार्ग के माध्यम से दिया है, जिसमें सही दृष्टिकोण, सही संकल्प, सही भाषण, सही आचरण, सही आजीविका, सही प्रयास, सही सचेतनता और सम्यक समाधि शामिल हैं। ये आठ सिद्धांत मन के प्रशिक्षण की एक व्यापक विधि प्रदान करते हैं। हजारों वर्षों बाद भी गौतम बुद्ध के उद्धरण और शिक्षाएं आज के मानव समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं। बुद्ध ने कहा है, 'अतीत में मत रहो, भविष्य के सपने मत देखो, मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो।' यह उद्धरण हमें सिखाता है कि आज का क्षण ही सबसे महत्वपूर्ण है और हमें वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। बुद्ध ने कहा है, 'हर सुबह हम नया जन्म लेते हैं। आज हम जो करते हैं, वही सबसे ज्यादा मायने रखता है।' यह विचार हमें प्रत्येक दिन को एक नई शुरुआत के रूप में देखने के लिए प्रेरित करता है और हमारे कार्यों के महत्व को स्पष्ट करता है। क्रोध और नकारात्मक भावनाओं से निपटने के बारे में बुद्ध का दर्शन विशेष रूप से मूल्यवान है। उन्होंने कहा है, 'आपको अपने क्रोध के लिए दंडित नहीं किया जाएगा, आपको अपने क्रोध द्वारा दंडित किया जाएगा।' बोधि दिवस हमें संदेश देता है कि हम सभी अपनी परिस्थितियों से परे जा सकते हैं, आत्मज्ञान प्राप्त कर सकते हैं और एक अर्थपूर्ण जीवन जी सकते हैं।

(लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव कोई नाम नहीं है



संकलित

दर्शन

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी।

## मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित

प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

अंतर्मन




आज की पाती

### कैसे रुकेगी रुपए की गिरती कीमत

बीते बुधवार को हमारे देश की आर्थिक व्यवस्था के क्षेत्र के लिए एक चिंता भरी खबर सामने आई, खबर यह थी कि हमारे देश के रुपए की कीमत में भारी गिरावट आई अर्थात यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगभग नब्बे के नीचे आ गया। हालांकि सरकार और आरबीआई इससे निपटने के लिए काम कर सकते हैं। लेकिन फिर भी यह देश के लिए चिंता की बात है। यह देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि रोजगार और महंगाई के लिए भी टेंशन बढ़ाने वाली है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले हमारे देश के रुपए के गिरने का सिलसिला मोदी सरकार में ही नहीं, बल्कि जाने माने अर्थशास्त्री पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के राज में भी था। इस दिशा में ठोस समाधान तलाशने की जरूरत है। *- रमेश वर्मा, दुर्ग*

ट्रेंड

### हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ



आज जब भारत की ग्रोथ तेज है, तब इसे कोई हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ नहीं कहता। ये गुलामी की मानसिकता का प्रतिबिंब ही था कि कभी भारत की कमजोर इकोनॉमिक ग्रोथ को हमारी आस्था तक से जोड़ा गया, फिर भी तथाकथित बुद्धिजीवियों को उसमें सांप्रदायिकता नजर नहीं आई।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### प्रदूषण नियंत्रण



दिल्ली में ऐसा पहली बार हो रहा है कि सैकड़ों स्प्रिंकलर गाड़ियां राजधानी के रिंग रोड की वाशिंग कर रही हैं। हम सबका मिशन एक है-प्रदूषण नियंत्रण। हमारी सरकार हर स्तर पर प्रदूषण के विरुद्ध निर्णायक युद्ध के लिए पूरी तरह सजग है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### गोवा आग हादसा



गोवा के अरपोरा में हुए भीषण आग हादसे में कई व्यक्तियों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर से मृतकों की आत्मा को शांति एवं परिजनों को हिम्मत देने की प्रार्थना करता हूं। ॐ शांति।

**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### विनम्र व्यवहार करें



फ्लाइट में देरी होना निराशाजनक होता है, लेकिन उन चेहरों को याद रखें जो इसे ठीक करने की कोशिश कर रहे हैं। कृपया इंडिगो के कर्मचारियों के साथ अच्छा और विनम्र व्यवहार करें; रद्दीकरण का बोझ भी उन्हें ही उठाना पड़ता है।

**- सोनू सूद, अभिनेता**

करंट अफेयर

## चीनी विमान ने जापानी लड़ाकू विमान पर रडार किया लॉक



चीनी विमानवाहक पोत लियाओनिंग से उड़ान भरने वाले एक सैन्य विमान ने जापान के ओकिनावा के पास जापानी लड़ाकू विमानों पर अपना 'रडार लॉक' कर दिया जिसे लेकर जापान ने चीन के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। 'रडार लॉक' का मतलब होता है- किसी सैन्य विमान का अपने रडार को दूसरे विमान या लक्ष्य पर इस तरह केंद्रित करना कि वह उसकी सटीक स्थिति, गति और दिशा पर लगातार नजर रख सके। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन के सैन्य विमान जे-15 ने शनिवार को दो बार अलग-अलग समय में जापानी एफ-15 लड़ाकू विमानों पर अपना रडार लॉक किया। मंत्रालय ने कहा कि एक बार दोपहर में लगभग तीन मिनट के लिए और फिर शाम को लगभग 30 मिनट के लिए ऐसा किया गया। मंत्रालय के अनुसार, चीनी विमान से उन जापानी लड़ाकू विमानों पर 'रडार लॉक' किया जिन्होंने चीन की ओर से हवाई क्षेत्र के संभावित उल्लंघन के खिलाफ प्रतिक्रिया दी थी। मंत्रालय ने कहा कि जापानी हवाई क्षेत्र का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और इस घटना से कोई नुकसान होने की भी सूचना नहीं मिली। यह स्पष्ट नहीं है कि 'रडार लॉक' करने की घटना में दोनों बार वही चीनी जे-15 विमान शामिल था या नहीं।

ऑफ बीट

## आपकी विशिष्ट गंध बता सकती है क्या बीमारी है



हमारे शरीर से हर सेकंड सैकड़ों रसायन हवा में प्रवाहित होते हैं। ये रसायन हवा में आसानी में घुल जाते हैं क्योंकि इनमें वाष्प का दबाव अधिक होता है, जिसका अर्थ है कि वे उबल जाते हैं और कमरे के तापमान पर गैस में बदल जाते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि हम कौन हैं और कितने स्वस्थ हैं। प्राचीन यूनानी काल से, हम जानते हैं कि जब हम अस्वस्थ होते हैं तो हमारी गंध अलग-अलग होती है। जबकि आज हम रक्त विश्लेषण पर भरोसा करते हैं, प्राचीन यूनानी चिकित्सक बीमारियों के निदान के लिए गंध का उपयोग करते थे। आपकी सांस का एक झोंका लेकर वह बता सकते थे कि आपको फेटोर हेपेटिकस (मतलब खराब लीवर) है, तो इसका मतलब होता था कि आप लीवर की बीमारी की ओर बढ़ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति की सांस की हवा में मीठापन या फलों की गंध होती थी, तो चिकित्सकों का निष्कर्ष होता था कि पाचन तंत्र में शर्करा टूट नहीं रही है, और उस व्यक्ति को संभवतः मधुमेह है। विज्ञान ने तब से दिखाया है कि प्राचीन यूनानी सही थे - जिगर की विफलता और मधुमेह तथा संक्रामक रोगों सहित कई अन्य बीमारियाँ आपकी सांसों को एक विशिष्ट गंध देती हैं। 1971 में, नोबेल पुरस्कार विजेता रसायनज्ञ लिनुस पॉलिंग ने सांस में 250 विभिन्न गैसीय रसायनों की गिनती की।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

*खुफिया एजेंसियों को यह जानकारी मिली है कि जम्मू-कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल पर पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में 68 लॉन्चपैड सक्रिय हैं। वहां 110 से 120 आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसने की तैयारी कर रहे हैं। एलओसी के कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। सभी फोर्सेज को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि आतंकियों के किसी भी घुसपैठ की कोशिश करने वाले को मार गिराया जाए।*

## 68 आतंकी लॉन्चपैड सक्रिय

### संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा हुई और सख्त

# सेना को निर्देश- सीमा के करीब दिखें आतंकी तो ठोक दो, 120 दहशतगर्द भारत में घुसने की तैयारी में

एजेंसी ▶▶| जम्मू

अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी लगातार एलओसी की ओर भेजा जा रहे हैं, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह तैयार हैं। सभी फोर्सेज को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि हर घुसपैठ की कोशिश को सीमा पर ही रोक दिया जाए। आईजी ने बताया कठिन इलाके, बर्फ से ढके रास्ते, पाकिस्तानी बॉर्डर एक्शन टीम जैसी चुनौतियों के बावजूद बीएसएफ मुस्तैदी से ड्यूटी निभा रही है। सीमा सुरक्षा बलों ने सीमा से लगे गांवों और आगे की चौकियों में भी गश्त बढ़ा दी गई है। फील्ड यूनिट्स को अधिक सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध हरकत पर तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। घुसपैठ रोकने के लिए सुरक्षा बलों ने अपनी काउंटर-इनफिल्ट्रेशन ग्रिड को और मजबूत किया है। बॉर्डर पर अब नाइट विजन कैमरे, ड्रोन निगरानी, थर्मल सेंसर, ग्राउंड सेंसर, बढ़ी हुई पेट्रोलिंग और अतिरिक्त जवानों की तैनाती कर दी गई है।



**फोर्स ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए तैयार :** इससे पहले 30 नवंबर को जम्मू के बीएसएफ कैंपस में एनुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। इस दौरान बीएसएफ की जम्मू फ्रंटियर के एलजी शशांक आनंद ने बताया, 'साल 2025 में अब तक बीएसएफ ने पाकिस्तान की 118 चौकियां तबाह की हैं। सरकार ने हमें जीरो घुसपैठ का टारगेट दिया है। हम उसको पूरा करेंगे।'

### पाक में इन स्थानों में आतंकी पैड

वहीं, बीएसएफ डीआईजी विक्रम कुंवर ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ ने कई आतंकी लॉन्च पैड नष्ट किए, इसके बाद पाकिस्तान ने बॉर्डर से 72 से ज्यादा टेरर लॉचिंग पैड शिफ्ट किए हैं। इनमें सियालकोट-जफ्फरवाल में एक्टिव 12 लॉन्च पैड और दूसरी जगहों पर एक्टिव 60 लॉन्च पैड शामिल हैं। हालांकि, ये सभी बॉर्डर से दूर हैं।

### चारों ओर रखी जा रही नजर

पाकिस्तान ने यह कदम आतंकियों के लॉन्च पैड को भारतीय सेना और बीएसएफ की फायरिंग रेंज से बाहर रखने के लिए उठाया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारी नुकसान पहुंचाया गया था। उन्होंने बताया कि लॉन्च पैड को खिसकाने करने के बावजूद सेना उन पर नजर रख रही है। यादव ने बताया कि जब भी पाकिस्तान की ओर से कोई गलत कदम उठाया जाएगा, हम मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं।

### 8 को सेना ने मार गिराया

आईजी अशोक यादव ने बताया कि अब घुसपैठ के प्रयासों में काफी कमी आई है। इस साल कश्मीर फ्रंटियर में 13 आतंकियों ने घुसपैठ की चार कोशिशें कीं। सेना ने आठ को मार गिराया, पांच भाग गए। उन्होंने बताया कि घुसपैठ का पैटर्न एक जैसा है, मगर हाल के दिनों में आतंकियों ने नए रूट से भी कोशिश की है। इनपुट के आधार पर सेना और बीएसएफ उन पर नजर रख रही है।

### सेना और पुलिस मिलकर कर रही काम

कश्मीर घाटी में बीएसएफ की 13 कंपनियां सेना और पुलिस के साथ मिलकर काम कर रही हैं। आईजी ने आतंकवादियों की गुपचुप भर्ती पर चिंता जताई, जो कट्टरपंथियों के सेंटर के तौर पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आंतरिक इलाकों के लिए जिम्मेदार एजेंसियों को अलर्ट भेजा जाता है और सुरक्षा बलों के बीच पूरी तालमेल है।

## शीतकालीन सत्र के पहले दो दिनों की कार्यवाही हंगामे के कारण बाधित रही

# 'वंदे मातरम' पर मोदी-शाह आज करेंगे संसद में डिबेट का आगाज, एसआईआर पर कल बहस

*संसद के शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह में भारी हंगामा और गतिरोध देखने को मिला। आज सोमवार से कार्यवाही सुचारू रूप से चलने के आसार हैं। सरकार और विपक्ष के बीच चर्चा की तारीखों और विषयों को लेकर बनी सहमति के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 8 दिसंबर को लोकसभा में ऐतिहासिक वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ पर चर्चा की शुरुआत करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 9 दिसंबर को राज्यसभा में इस चर्चा का आगाज करेंगे। वहीं, एसआईआर पर भी 9 दिसंबर को बहस की तारीखें तय हुई हैं।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बहुचर्चित चुनावी सुधारों और मतदाता सूची के एसआईआर पर भी 9 दिसंबर को बहस की तारीखें तय हुई हैं। बत दें कि यह फैसला सर्वदलीय बैठक और बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) की बैठकों के बाद लिया गया था। एक दिसंबर से शुरू हुए शीतकालीन सत्र के पहले दो दिनों की कार्यवाही एसआईआर पर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण बाधित रही। सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि चर्चा सिर्फ एसआईआर तक सीमित नहीं रहेगी। यह चुनावी सुधारों के विस्तृत विषय पर होगी। विपक्ष का आरोप है कि एसआईआर के जरिए विशेष समुदायों को निशाना बनाया जा सकता है जबकि सरकार इसे चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने का कदम बता रही है। सरकार का तर्क है कि बांग्लादेश और म्यांमार से आए अवैध घुसपैठियों की पहचान के लिए यह जरूरी है। इसमें मतदाताओं के जन्म स्थान की जांच की जा रही है। करीब 51 करोड़ मतदाता इस अभियान के दायरे में आएंगे।

### संसद में मोदी और राजनाथ सिंह संभालेंगे कमान

संसद के दोनों सदनों में 'वंदे मातरम' पर होने वाली चर्चा बेहद खास होगी। लोकसभा में 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे प्रधानमंत्री मोदी चर्चा की शुरुआत करेंगे। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कई अन्य केंद्रीय मंत्री भी अपनी बात रखेंगे। सूत्रों का कहना है कि लोकसभा में बहस का समापन सत्ताधारी बीजेपी के किसी वरिष्ठ नेता द्वारा किया जाएगा।



### राज्यसभा में अमित शाह संभालेंगे कमान

*दूसरी ओर, राज्यसभा में 9 दिसंबर को अमित शाह चर्चा शुरू करेंगे. उच्च सदन के नेता जेपी नड्डा भी इस बहस में हिस्सा लेंगे। सरकार ने बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित इस राष्ट्रगीत के 150 साल पूरे होने पर देशव्यापी जश्न मनाने का फैसला किया है।*

### विपक्ष की कमान प्रियंका सहित ये संभालेंगे

वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सोमवार को लोकसभा में होने वाली चर्चा में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की तरफ से पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और सदन में पार्टी के उप नेता गौरव गोगोई समेत आठ वक्ता भाग ले सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी, गोगोई, दीपेंद्र हुड्डा, विमल अकोइजम, प्रनीति शिंदे, प्रशांत पडोले, चमाला रेड्डी और ज्योत्सना महंत वक्ता हो सकते हैं।

### एसआईआर पर होगी आर-पार की बहस

विपक्ष लगातार एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) पर चर्चा की मांग कर रहा था। अब तय हुआ है कि चुनावी सुधारों पर एक व्यापक बहस होगी। इसमें एसआईआर का मुद्दा भी शामिल होगा। लोकसभा में यह चर्चा 9 और 10 दिसंबर को होने की संभावना है। वहीं राज्यसभा में 10 और 11 दिसंबर को इस मुद्दे पर बहस हो सकती है।

### क्या है एसआईआर और क्यों है इतना विवाद?

चुनाव आयोग ने देश के कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची को साफ करने के लिए एसआईआर अभियान चलाया है। इसमें अंडमान और निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वोटर लिस्ट से अवैध प्रवासियों और बोगस वोटरों को हटाना है। सरकार का तर्क है कि बांग्लादेश और म्यांमार से आए अवैध घुसपैठियों की पहचान के लिए यह जरूरी है।

## आठ घंटे 140 फीट गहरे बोरवेल में फंसे किशोर की मौत

**कच्छ।** गुजरात में कच्छ जिले के भुज तालुका के एक गांव में 140 फुट गहरे बोरवेल में गिरे 17 वर्षीय मजदूर को आठ घंटे चले बचाव अभियान के बावजूद बचाया नहीं जा सका। यह बचाव अभियान रविवार तड़के समाप्त हुआ। पुलिस को संदेह है कि यह आत्महत्या हो सकती है, क्योंकि पीड़ित और उसके पिता के बीच महंगे मोबाइल फोन को लेकर झगड़ा हुआ था।

उसने बताया कि मूल रूप से झारखंड निवासी रुस्तम शेख शनिवार शाम कुक्मा गांव में एक फार्महाउस में 1.5 फुट चौड़े बोरवेल में गिर गया। उसे बचाने के लिए रेस्क्यू किया गया। शेख को करीब आठ घंटे की कोशिश के बाद रविवार तड़के करीब तीन बजे बाहर निकाला गया।

## न जानें अब कब मिलेंगे...



प्रयागराज। यहां हो रहे सामुहिक विवाह सम्मेलन में दुल्हन बनीं युवतियां बारात आने से पहले सेल्फी लेते हुए।

## भुवनेश्वर में दो हथियार तस्कर गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह के दो संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से एक कार्बाइन सहित 11 आग्नेयास्त्र जब्त किए हैं। अवैध हथियारों में दो नौ मिमी पिस्तौल, आठ 7.65 मिमी पिस्तौल और एक स्वचालित कार्बाइन शामिल है। ये हथियार झारखंड और बिहार से खरीदे गए थे। पुलिस आयुक्त एस देवदत्त सिंह ने कहा कि भुवनेश्वर के खंडगिरि इलाके में पकड़ाए गए आरोपियों की पहचान अंगुल जिले के रहने वाले सुमंत नाईक और ढेंकनाल जिले के सौभाग्य नाईक के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के वाहन को उस समय रोका गया जब वे क्षेत्र में आपराधिक तत्वों को हथियारों का एक बड़ा जखीरा पहुंचाने के लिए अंगुल से बरहामपुर जा रहे थे। दोनों आरोपी कुख्यात अपराधी हैं और उनके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन, डकैती और लूटपाट समेत कई मामले दर्ज हैं।

## बाड़मेर में 67 लाख का 3 क्विंटल डोडा पोस्त जब्त

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस ने बाड़मेर जिले में तीन क्विंटल से अधिक अवैध डोडा पोस्त जब्त किया है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 67.25 लाख रुपये है। पुलिस ने बताया कि टीम ने बीती रात नाकाबंदी के दौरान एक बिना नम्बर प्लेट लगी कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वाहन चालक ने रुकने के बजाय गाड़ी को तेज गति से भगा दिया। पुलिस टीम ने पीछा किया तो चालक वाहन को झाड़ियों में लावारिस छोड़ अंधेरे तथा झाड़ियों का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस टीम को तलाशी लेने पर वाहन से 16 कट्टों में भरा हुआ अवैध डोडा पोस्त मिला। जिसके साथ ही कार को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि जब्त वाहन के इंजन और चेसिस नंबर घिसे हुए पाए गए हैं जिससे प्रथम दृष्टया यह वाहन चोरी का प्रतीत होता है।




# राहुल ने सरकार को ठहराया जिम्मेदार, उड्डयन मंत्री बोले- ये राजनीतिक मामला नहीं

### इंडिगो संकट पर राजनीति हो रही गरम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडिगो संकट के कारण बढ़ती यात्रियों की परेशानी के बीच अब इस मामले में राजनीतिक गर्माहट भी शुरू हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस मामले के लिए सरकार के एकाधिकार मॉडल को जिम्मेदार ठहराया है। उनके इस बयान पर नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है। यह एक सार्वजनिक मुद्दा है।

### राहुल गांधी ने सरकार को ठहराया जिम्मेदार

राहुल ने इंडिगो संकट के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराया था, जिसके कारण सैकड़ों उड़ानें रद्द हुईं और हजारों यात्री फंस गए। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'इंडिगो की विफलता इस सरकार के एकाधिकार मॉडल की कीमत है। एक बार फिर आम भारतीयों को उड़ानों की देरी, रद्दीकरण और लाचारी के रूप में इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है।

### उड्डयन मंत्री बोले- यह सार्वजनिक मुद्दा

राहुल के बयान पर मंत्री नायडू ने से कहा, यह कोई राजनीतिक मामला नहीं, बल्कि एक सार्वजनिक मुद्दा है। सरकार ने हमेशा प्रतिस्पर्धा बढ़ाने की कोशिश की। हमने लीजिंग लागत कम करने के लिए कानून पेश किया है, जिससे बेड़े में और ज्यादा विमान शामिल हो सकें। देश में विमानन की मांग बढ़ रही है। इसलिए, यह लोगों के लिए एक अवसर है और सरकार भी यही चाहती है।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# जीरो बैलेंस अकाउंट वाले ग्राहकों की होगी मौज, फ्री में मिलेंगी ढेरों सुविधाएं

## नियम 1 अप्रैल 2026 से होंगे प्रभावित, कैश जमा करने व चैक की सुविधा भी मिलेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने एक ऐसा फैसला लिया है, जिससे जीरो बैलेंस अकाउंट रखने वालों को खूब मौज आने वाली है। रेगुलेटरी बैंक की ओर से देश के सभी बैंकों को जीरो बैलेंस रखने वाले ग्राहको को काफी सुविधाएं फ्री में देने का आदेश दिया है। आरबीआई ने बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट (बीएसबीडी) अकाउंट्स को मिलने वाली फ्री सर्सिवेज का दायरा बढ़ाने का फैसला लिया है।

जिससे खासतौर पर स्टूडेंट, गरीब आदमी को फायदा होगा। साथ ही आरबीआई ने कहा कि बैंक जीरो खाते को काम चलाऊ न समझें और जो भी सेविंग अकाउंट का धारक व्यक्ति बीएसबीडी के लिए अप्लाई करे उसे 7 दिनों में बैंकिंग की पूरी सुविधाएं मिलेगी। ये नियम 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगे।

### ये मिलेंगी सुविधाएं

आरबीआई ने बताया है कि अब नए रूल से ग्राहकों को बिना किसी सालाना चार्ज के एटीएम या एटीएम-कम-डेबिट कार्ड मिलेगा। साल में कम से कम 25 पन्नों वाली चेक बुक, फ्री इंटरनेट और मोबाइल बैंकिंग और फ्री पासबुक या मंथली स्टेटमेंट भी मिलेगा। साथ ही, महीने में कम से कम चार बार पैसा निकालना फ्री होगा। इसके साथ ही डिजिटल पेमेंट जैसे कार्ड स्वाइप , निफ्ट, आरटीजीएस, यूपीआई और आईएमपीएस को इन चार बार की लिमिट में नहीं गिना जाएगा यानी ये सर्विसेज अलग से मिलेंगी।




### पैसे जमा करने की कोई रोक टोक नहीं होगी

*नए नियमों के मुताबिक, हर बीएसबीडी अकाउंट जिन्हें आसान भाषा में जीरो बैलेंस अकाउंट भी कहते हैं। उनमें कैश जमा करने, ऑनलाइन या चेक से पैसा मंगाने की सर्विस मिलेगी। इसके साथ ही, महीने में कितनी भी बार पैसा जमा करना है इस पर भी रोकटोक नहीं होगी। इससे जीरो बैलेंस पर खाता खुलवाने वालों को कोई बैंकिंग चुनौती का सामना नहीं करना होगा।*

### खाताधारकों से भेदभाव नहीं कर पाएंगे

बैंकों ने कहा था कि बीएसबीडी अकाउंट खोलने के लिए ग्राहकों की आय और प्रोफाइल के आधार पर कुछ शर्तें जोड़ी जाएं, लेकिन आरबीआई ने यह प्रस्ताव मानने से इनकार कर दिया। आरबीआई ने साफ कर दिया कि ये खाते सबके लिए और फाइनेंशियल इनक्लूजन यानी ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैंकिंग से जोड़ने के लिए बनाए गए हैं। इसलिए बैंक बीएसबीडी खाताधारकों के साथ किसी भी तरह का भेदभाव नहीं कर पाएंगे। अब इन ग्राहकों को भी वही सुविधाएं दी जाएंगी, जो बाकी खाताधारकों को मिलती हैं। केवाईसी और माइनर अकाउंट से जुड़े पुराने नियम पहले की तरह ही लागू रहेंगे।


## खबर संक्षेप

### बाजार पूंजीकरण में टीसीएस और इंफोसिस को हुआ लाभ




**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में पांच का कुल बाजार मूल्यांकन पिछले हफ्ते 72,284.74 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें टीसीएस और इंफोसिस को सबसे अधिक लाभ हुआ। इस दौरान भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन बढ़ा।

### फिनो बैंक को एसएफबी में बदलने की मंजूरी




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने फिनो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (एफपीबीएल) को लघु वित्त बैंक (एसएफबी) में परिवर्तित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। फिनो पेमेंट्स बैंक ने अक्टूबर-दिसंबर 2023 अवधि में लघु वित्त बैंक लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। फिनो पेमेंट्स बैंक का संचालन 2017 में शुरू हुआ था।

### यूरोपीय संघ ने मस्क के एक्स पर लगाया जुर्माना



**लंदन।** यूरोपीय संघ के नियामकों ने एलन मस्क के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर डिजिटल नियमों का पालन न करने के लिए 12 करोड़ यूरो (लगभग 14 करोड़ डॉलर) का जुर्माना लगाया। यूरोपीय आयोग ने यह निर्णय दो साल पहले सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) के खिलाफ शुरू की गई जांच के बाद लिया है।

## सुरक्षित निवेश परिसंपत्ति के रूप में उभरा सोना

# सोने की चमक बरकरार, इस साल अब तक दिया लगभग 67 प्रतिशत रिटर्नः विशेषज्ञ

- सन 2026 में सोने की कीमत पांच से 16 प्रतिशत और चढ़ सकती है
- रुपए और डॉलर की दर में समान या रुपया कमजोर होने पर बढ़त संभव
- इस समय सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर बनी हुई
- एक जनवरी को सोने की कीमत 79,390 रुपए प्रति 10 ग्राम थी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुरक्षित निवेश परिसंपत्ति के रूप में सोने की चमक बरकरार है और इस साल घरेलू बाजार में इसने अबतक लगभग 67 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि वैश्विक परिस्थितियां और रुपये–डॉलर की दर लगभग समान बनी रहती है या रुपया कमजोर होता है, तो 2026 में सोने की कीमत पांच प्रतिशत से 16 प्रतिशत प्रति 10 ग्राम और चढ़ सकती हैं।

विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि चूंकि सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई के करीब हैं, इसलिए अनुशासित और सोच-विचार कर निवेश करना जरूरी है। दिल्ली सर्राफा संघ के आंकड़ों अनुसार, इस साल एक जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम थी जो बीते शुक्रवार पांच दिसंबर को 1,32,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी।

### सोने ने दिया मजबूत रिटर्न

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, "चालू वर्ष में सोने ने असाधारण रूप से मजबूत रिटर्न दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें इस साल अब तक लगभग 60 प्रतिशत (लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन) तक चढ़ चुकी हैं। इसका मुख्य कारण सुरक्षित निवेश की मांग, भू-राजनीतिक तनाव और दुनिया के बड़े केंद्रीय बैंकों के ब्याज दर घटाने की उम्मीद है।

### अस्थिर समय में भरोसेमंद साथी

वहीं भारत में रिटर्न इससे भी ज्यादा है। घरेलू बाजार में सोने की कीमत इस साल अब तक करीब 67 प्रतिशत चढ़ चुकी है। इसका अन्य कारण डॉलर के मुकाबले रुपये का कमजोर होना और मजबूत वैश्विक संकेत है।" उन्होंने कहा, "कुल मिलाकर, 2025 में सोने ने अधिकांश निवेश उत्पादों (इक्विटी शेयर और बॉन्ड) की तुलना में काफी बेहतर प्रदर्शन किया है और साबित किया है कि अनिश्चितता और अस्थिर समय में यह सबसे भरोसेमंद साधन है।"

***वैश्विक कारणों से निवेशक सोने की और हो रहे आकर्षित***

*आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लि. के निदेशक थॉमस स्टीफन ने कहा, "वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, मुद्रास्फीति की लगातार चिंताएं और ब्याज दरों में कटौती की संभावना ने निवेशकों को सोने जैसी सुरक्षित निवेश वाली संपत्तियों की ओर आकर्षित किया है।*



***कीमत 1.45 से 1.55 लाख रुपए को पार कर सकती है***

*अगले साल के परिदृश्य के बारे में कलंत्री ने कहा, "यदि वैश्विक परिस्थितियां और रुपये–डॉलर दर लगभग समान बनी रहती है या रुपया कमजोर होता है, तो भारत में सोने की कीमत 1.45 लाख से 1.55 लाख रुपये को पार कर सकती है।" स्टीफन ने कहा, "हमारा अनुमान है कि आने वाले वर्ष में सोने की कीमत पांच प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी, क्योंकि जिन कारणों ने इस साल कीमतों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, उनके अगले वर्ष भी जारी रहने की संभावना है।"*

### निफ्टी में रिटर्न 6.7 फीसदी मिला

अगर इक्विटी शेयर पर रिटर्न देखा जाए तो निफ्टी 50 टीआरआई (कुल रिटर्न सूचकांक) और निफ्टी 500 टीआरआई ने तीन दिसंबर तक क्रमशः 6.7 प्रतिशत और 5.1 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। वहीं 10 साल के सरकारी बॉन्ड का प्रतिफल दिसंबर 2025 की शुरुआत में लगभग 6.53 प्रतिशत रहा।

### मुद्रास्फीति चिंता का विषय

सोने की कीमत में आई तेजी के कारणों के बारे में पूछे जाने पर कलंत्री ने कहा, वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक अनिश्चितता, डॉलर सूचकांक में कमजोर रुख,मुद्रास्फीति की चिंता और इसके खिलाफ सुरक्षा की आवश्यकता ने निवेशकों के लिए सोने में निवेश को आकर्षक विकल्प बनाया है।

# अमेरिका में महंगाई सितंबर में भी ऊंची बनी रही



- फेड की ब्याज दरों में कटौती की राह आसान हुई
- शटडाउन के कारण रिपोर्ट देरी से आई

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों पर निर्णय लेने के लिए जिस महंगाई सूचकांक पर सबसे ज्यादा नजर रखता है, वह सितंबर में भी ऊंचा बना रहा, लेकिन इसमें बहुत ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई। इससे अगले हफ्ते फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की राह आसान हो गई है।

वाणिज्य विभाग ने जारी रिपोर्ट में बताया कि सितंबर में मुद्रास्फीति अगस्त की तुलना में 0.3 प्रतिशत बढ़ीं। सरकारी ''शटडाउन'' के कारण यह रिपोर्ट पांच हफ्ते देरी से आई। पिछले महीने भी इतनी ही बढ़ोतरी हुई थी। खाने-पीने और ऊर्जा की अस्थिर कीमतों को हटा दें तो मुद्रास्फीति सितंबर में अगस्त से 0.2 प्रतिशत बढ़ीं। अगर यह रफ्तार साल भर चलती रहे, तो मुद्रास्फीति फेडरल रिजर्व के दो प्रतिशत लक्ष्य के करीब पहुंच जाएगी। पिछले साल की तुलना में सितंबर में कुल कीमतें 2.8 प्रतिशत बढ़ीं, जो अगस्त के 2.7 प्रतिशत से थोड़ा ज्यादा है।

### कीमतें और नीचे आएगी

महंगाई अभी भी फेडरल रिजर्व के दो प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है, इसका एक कारण ट्रंप प्रशासन के शुल्क भी हैं, लेकिन कई अधिकारी मानते हैं कि कमजोर नौकरियां, सुस्त आर्थिक वृद्धि और धीमी मजदूरी वृद्धि आने वाले महीनों में कीमतों को और नीचे लाएगी।

## भारत-रूस के बीच यूरिया संयंत्र लगाने समझौता



**नई दिल्ली।** भारत की तीन उर्वरक कंपनियों आरसीएफ, आईपीएल और एनएफएल ने रूस की कंपनी यूरालकेम के साथ 1.2 अरब डॉलर (लगभग 10,000 करोड़ रुपये) की अनुमानित लागत से एक नया यूरिया संयंत्र स्थापित करने के लिए समझौता किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

रूस के किसी शहर में लगने वाले इस संयंत्र की सालाना क्षमता 20 लाख टन होगी और इसके 2028 के मध्य तक चालू होने की उम्मीद है। भारत यूरिया का शुद्ध आयातक है और इस समझौते से उसे सुरक्षित और निश्चित आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

## आरबीआई ने मुद्रास्फीति अनुमान को घटाकर किया दो प्रतिशत

एजेंसी ⏭ मुंबई




- रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए किया घोषित
- आरबीआई को मुद्रास्फीति चार प्रतिशत रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है

भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान को 2.6 प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत कर दिया है। मुद्रास्फीति के लक्ष्य को लेकर 2016 में लचीली व्यवस्था अपनाये जाने के बाद पहली बार हेडलाइन (खुदरा) मुद्रास्फीति 2025-26 की दूसरी तिमाही में औसतन 1.7 प्रतिशत रही।

यह आरबीआई को दिये गये लक्ष्य के निचले स्तर दो प्रतिशत से भी कम है। आरबीआई को दो प्रतिशत घट बढ़ के साथ मुद्रास्फीति चार प्रतिशत (दो से छह प्रतिशत) रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। यह अक्टूबर 2025 में और भी घटकर केवल 0.3 प्रतिशत पर आ गई जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, 'मुद्रास्फीति में अनुमान से अधिक तेजी से गिरावट खाद्य कीमतों में सुधार के कारण आई। यह सितंबर-अक्टूबर के महीनों के दौरान देखी जाने वाली सामान्य प्रवृत्ति के उलट है। कीमती धातुओं द्वारा निरंतर मूल्य दबाव के बावजूद मुख्य मुद्रास्फीति (खाद्य एवं ईंधन को छोड़कर सीपीआई मुद्रास्फीति) सितंबर-अक्टूबर में काफी हद तक नियंत्रित रही।'

### जिंस की कीमतों में नरमी आने की संभावना

गवर्नर ने कहा कि कुछ धातुओं को छोड़कर, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिंस की कीमतों में आगे चलकर नरमी आने की संभावना है। गवर्नर ने कहा, 'कुल मिलाकर मुद्रास्फीति अक्टूबर में लगाए गए अनुमान से कम रहने की संभावना है। इसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में गिरावट है।' इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए मल्होत्रा ने कहा कि 2025-26 के लिए खुदरा (सीपीआई) मुद्रास्फीति अब दो प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## बीते सप्ताह सरसों मूंगफली तेल में रही मामूली गिरावट



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में जाड़े तथा शादी विवाह के मौसम की मांग के कारण सोयाबीन तेल-तिलहन, एवं बिनौला तेल के दाम सुधार के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऊंचे दाम के कारण मांग प्रभावित रहने की वजह से सरसों तेल-तिलहन तथा लिवाली कमजोर रहने से मूंगफली तेल-तिलहन के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि बड़ी मिलों के पास सरसों का पर्याप्त स्टॉक है और वे विभिन्न रास्तों से सरसों के दाम में तेजी लाने पर जोर दे रहे हैं। लेकिन सरसों के दाम ऊंचा होने की वजह से इसकी लिवाली प्रभावित है जिसके कारण बीते सप्ताह अपने पूर्व सप्ताहांत के मुकाबले सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट आई। उन्होंने कहा कि कई तेल समीक्षकों को सरसों के भाव की तेजी को लेकर चिंता जताते पाया जा सकता है।

# आवास ऋण नौ लाख करोड़ रुपए के पार : एसबीआई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- ऋण वृद्धि 14 प्रतिशत रहने की उम्मीद

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा कि बैंक का आवास ऋण पोर्टफोलियो पिछले महीने नौ लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है और उन्हें भरोसा है कि खुदरा, कृषि तथा एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्र में जारी तेजी से चालू वित्त वर्ष में कुल ऋण वृद्धि 14 प्रतिशत रहेगी।

आरएएम खंड सितंबर में ही 25 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुका है। आर्थिक वृद्धि में सुधार को देखते हुए एसबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए ऋण वृद्धि लक्ष्य को पहले के 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया है। शेट्टी ने कहा, "हमने ऋण वृद्धि के अनुमान को बढ़ाया है। अब यह 12 प्रतिशत से 14 प्रतिशत है। हमें मजबूत ऋण वृद्धि दिख रही है, खासकर आरएएम खंड में। एमएसएमई क्षेत्र में 17-18 प्रतिशत और कृषि तथा खुदरा में करीब 14 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। चेयरमैन ने बताया कि स्वर्ण ऋण में भी अच्छी वृद्धि दर्ज की जा रही है, जबकि असुरक्षित व्यक्तिगत ऋण में दो अंकों की वृद्धि होगी। कुछ समय से सुस्त चल रहा कॉर्पोरेट ऋण खंड भी दूसरी तिमाही में पुनः गति पकड़ता दिखा और 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

***ब्याज दर घटने से ऋण सस्ते होंगे***

*शेट्टी ने कहा, "कॉर्पोरेट ऋण के लिए हमारा अनुमान निचले दो अंकों में है। इस तरह कुल मिलाकर 12-14 प्रतिशत ऋण वृद्धि हासिल करना पूरी तरह संभव है। रिजर्व बैंक द्वारा नीतिगत ब्याज दर में 25 आधार अंक की और कटौती से ऋण सस्ते होंगे और नई मांग को बल मिलेगा।*

# विदेशी निवेशकों ने बाजार से निकाले 11,820 करोड़





**नई दिल्ली।** इस महीने के पहले हफ्ते में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों से 11,820 करोड़ रुपये निकाले। इसका मुख्य कारण रुपये का तेज अवमूल्यन है। नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये की निकासी के बाद ये तेज बिकवाली हुई है और इससे बाजार पर दबाव बढ़ा है। विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर में 14,610 करोड़ रुपये की लिवाली की थी। जिससे तीन महीने की भारी बिकवाली का सिलसिला टूटा। सितंबर में 23,885 करोड़ रुपये, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये निकाले गए थे। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार इस महीने के पहले हफ्ते में एफपीआई ने इक्विटी से 11,820 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की।

## प्रधान ने सेबी के पूर्णकालिक सदस्य का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने घोषणा की कि संदीप प्रधान ने उसके पूर्णकालिक सदस्य के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। नियामक ने एक बयान में कहा कि चार दिसंबर को कार्यभार संभालने वाले प्रधान, बाजार मध्यस्थों, वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) से संबंधित विभागों, सूचना प्रौद्योगिकी प्रभाग, निवेशक सहायता और शिक्षा कार्यालय, साथ ही राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान के विनियमन और पर्यवेक्षण की देखरेख करेंगे।


## राशिफल


**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।


**वृष** – मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।


**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।



**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।



**कन्या** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**तुला** – मन में आशा–निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।


**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।



**धनु** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।


**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।


**कुंभ** – रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।


**मीन** – पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 6071




**बाएँ से दाए**

1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**

2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

### शब्द पहेली- 6070 का हल



## सूडोकु नवताल - 6081

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6080 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# भारतीय सशस्त्र बल में अग्निवीर के रूप में शामिल हों




## चयन मानदंड: शैक्षणिक योग्यता

### सेना

**अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) (सभी आर्म्स) और अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) (महिला मिलिट्री पुलिस)-** क्लास 10वीं मैट्रिक पास, जिसमें पांच बेसिक सब्जेक्ट्स में कुल 45% मार्क्स और उन पांचों सब्जेक्ट्स में से हर एक में कम से कम 33% मार्क्स हों। ग्रेडिंग सिस्टम फॉलो करने वाले बोर्ड के लिए, ऊपर बताए गए परसेंटेज के हिसाब से ग्रेड माने जाएंगे।

नोट: ड्राइवर की ज़रूरतों के लिए वैलिड लाइट मोटर व्हीकल (LMV) ड्राइविंग लाइसेंस वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

अग्निवीर (टेक्निकल) (सभी आर्म्स)- 10+2/इंटरमीडिएट परीक्षा साइंस स्ट्रीम से पास, जिसमें फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स और इंग्लिश विषय हों, कुल मिलाकर न्यूनतम 50% अंक और हर विषय में 40% अंक होने चाहिए।

या

किसी भी मान्यता प्राप्त स्टेट एजुकेशन बोर्ड या सेंट्रल एजुकेशन बोर्ड से साइंस में फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स और इंग्लिश के साथ 10+2/इंटरमीडिएट एग्जाम पास, जिसमें NIOS शामिल है, और ज़रूरी फील्ड में कम से कम एक साल का ITI कोर्स जिसमें NSQF लेवल 4 या उससे ऊपर हो।

या

शैक्षणिक योग्यताकुल मिलाकर 50% अंकों के साथ 10वीं/मैट्रिक पास और अंग्रेजी, गणित और विज्ञान में न्यूनतम 40% अंक, साथ ही ITI से 02 साल की टेक्निकल ट्रेनिंग या मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान जिसमें पॉलिटेक्निक शामिल हैं, से निर्दिष्ट स्ट्रीम (मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक डीजल, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, टेक्नीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, ड्राफ्ट्समैन (सभी प्रकार), सर्वेयर, जियो इंफॉर्मेटिक्स असिस्टेंट, इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम मेंटेनेंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, मैकेनिक कम ऑपरेटर इलेक्ट्रिक कम्युनिकेशन सिस्टम, वेसल नेविगेटर, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस/कंप्यूटर इंजीनियरिंग और इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी) में दो/तीन साल का डिप्लोमा, जैसा कि भारतीय सेना भर्ती नोटिफिकेशन में बताया गया

या

**अग्निवीर (क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल) -** किसी भी स्ट्रीम (आर्ट्स, कॉमर्स, साइंस) में 10+2/इंटरमीडिएट परीक्षा पास, कुल मिलाकर 60% अंकों के साथ और हर विषय में कम से कम 50% अंक। क्लास 12वीं में इंग्लिश और मैथ्स/अकाउंट्स/बुक कीपिंग में 50% अंक लाना ज़रूरी है।

**अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं पास (सभी आर्म्स) -** सिर्फ 10वीं पास (कुल परसेंटेज में कोई शर्त नहीं है, लेकिन पांच बेसिक विषयों में 33% अंक होने चाहिए)।

**अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं पास (सभी आर्म्स) -** सिर्फ 8वीं पास (कुल परसेंटेज में कोई शर्त नहीं है, लेकिन पांच बेसिक विषयों में 33% अंक होने चाहिए)।

### नौसेना

**अग्निवीर (सीनियर सेकेंडरी रिक्रूट)-** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड से मैथमेटिक्स और फिजिक्स के साथ 10+2 में क्वालिफाइड, जिसमें कुल मिलाकर न्यूनतम 50% मार्क्स हों।

या

सेंट्रल, स्टेट या UT से मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट से इंजीनियरिंग (मैकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल/ ऑटोमोबाइल्स/ कंप्यूटर साइंस/ इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी/ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) में तीन साल का डिप्लोमा कोर्स कुल 50% अंकों के साथ पास किया हो।

या

सेंट्रल, स्टेट और UT द्वारा मान्यता प्राप्त एजुकेशन बोर्ड से नॉन-वोकेशनल सब्जेक्ट जैसे फिजिक्स और मैथमेटिक्स के साथ दो साल का वोकेशनल कोर्स कुल मिलाकर 50% अंकों के साथ पास किया हो।

**अग्निवीर (मैट्रिक रिक्रूट) -** किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल/बोर्ड से मैट्रिक/10वीं या इसके बराबर की परीक्षा कुल मिलाकर 50% अंकों के साथ पास की हो।

**अग्निवीर (मैट्रिक रिक्रूट म्यूजिशियन) -** किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल/बोर्ड से मैट्रिक/10वीं या इसके बराबर की परीक्षा कम से कम 50% अंकों के साथ पास की हो।

### वायु सेना

साइंस सब्जेक्ट्स - उम्मीदवारों ने सेंट्रल, स्टेट और UT द्वारा मान्यता प्राप्त एजुकेशन बोर्ड से मैथमेटिक्स, फिजिक्स और इंग्लिश के साथ इंटरमीडिएट/10+2/इसके बराबर की परीक्षा कुल मिलाकर कम से कम 50% अंकों और इंग्लिश में 50% अंकों के साथ पास की हो।

या

सेंट्रल, स्टेट और UT द्वारा मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट से इंजीनियरिंग (मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/ऑटोमोबाइल/कंप्यूटर साइंस/इंस्ट्रूमेंटल टेक्नोलॉजी/ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) में तीन साल का डिप्लोमा कोर्स कुल मिलाकर 50% अंकों और डिप्लोमा कोर्स में इंग्लिश में 50% अंकों के साथ पास किया हो (या इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन में, अगर डिप्लोमा कोर्स में इंग्लिश सब्जेक्ट नहीं है)।

या

सेंट्रल, स्टेट और UT द्वारा मान्यता प्राप्त एजुकेशन बोर्ड से नॉन-वोकेशनल सब्जेक्ट्स जैसे फिजिक्स और मैथमेटिक्स के साथ दो साल का वोकेशनल कोर्स कुल मिलाकर 50% अंकों और वोकेशनल कोर्स में इंग्लिश में 50% अंकों के साथ पास किया हो (या इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन में, अगर वोकेशनल कोर्स में इंग्लिश सब्जेक्ट नहीं है)।

साइंस सब्जेक्ट्स के अलावा: सेंट्रल, स्टेट और UT द्वारा मान्यता प्राप्त एजुकेशन बोर्ड से किसी भी स्ट्रीम/सब्जेक्ट में इंटरमीडिएट/10+2/समकक्ष परीक्षा कुल मिलाकर न्यूनतम 50% अंकों और इंग्लिश में 50% अंकों के साथ पास की हो।

या

सेंट्रल, स्टेट और UT द्वारा मान्यता प्राप्त एजुकेशन बोर्ड से दो साल का वोकेशनल कोर्स कुल मिलाकर कम से कम 50% अंकों के साथ और वोकेशनल कोर्स में इंग्लिश में 50% अंक (या इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन में अगर वोकेशनल कोर्स में इंग्लिश सब्जेक्ट नहीं है) के साथ पास किया हो।

नोट 1. साइंस सब्जेक्ट्स परीक्षा के लिए योग्य उम्मीदवार (जिसमें इंटरमीडिएट/ 10+2/ इंजीनियरिंग में तीन साल का डिप्लोमा कोर्स या फिजिक्स और मैथ्स के नॉन-वोकेशनल सब्जेक्ट के साथ दो साल का वोकेशनल कोर्स शामिल है) अन्य साइंस सब्जेक्ट्स के लिए भी योग्य हैं और उन्हें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरते समय एक ही बार में साइंस सब्जेक्ट्स और अन्य साइंस सब्जेक्ट्स दोनों परीक्षाओं में बैठने का ऑप्शन दिया जाएगा।

नोट 2. रजिस्ट्रेशन की तारीख तक सेंट्रल, स्टेट और UT द्वारा मान्यता प्राप्त एजुकेशन बोर्ड्स को ही माना जाएगा।

नोट 3. 10+2/ इंटरमीडिएट/ समकक्ष परीक्षा/ तीन साल के डिप्लोमा कोर्स/ दो साल के वोकेशनल कोर्स की मार्कशीट में लिखे दशमलव से पहले के अंकों का सही कुल प्रतिशत या संबंधित एजुकेशन बोर्ड/पॉलिटेक्निक संस्थान के नियमों के अनुसार कैलकुलेट किया गया प्रतिशत ही माना जाएगा (उदाहरण के लिए 49.99% को 49% माना जाएगा और 50% तक राउंड ऑफ नहीं किया जाएगा)।

अग्निवीरवायु (म्यूजिशियन) किसी भी सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल/बोर्ड से न्यूनतम पास अंकों के साथ मैट्रिकुलेशन/10वीं या के बराबर पास होना चाहिए।

## लिंग

- सेना: पुरुष और महिलाएं (केवल मिलिट्री पुलिस के लिए)
- नौसेना: पुरुष एवं महिलाएं
- वायु सेना: पुरुष एवं महिलाएं

## ऊंचाई

### सेना

| क्र. | क्षेत्र/श्रेणी | न्यूनतम ऊँचाई (सेमी में) |
|---|---|---|
| 1 | महिला (सामान्य) | 162 |
| | गढ़वाली, गोरखा, लद्दाखी, मान्यता प्राप्त आदिवासी क्षेत्रों के आदिवासी, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (सिक्किम, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम, मेघालय, असम) | 158 |
| 2 | पुरुष<br>पश्चिमी हिमालय जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब हिल्स (हिमाचल प्रदेश और पंजाब के बीच अंतर-राज्य और सीमा के दक्षिण और पश्चिम का क्षेत्र और मुकेरियां होशियारपुर, गढ़ शंकर और रोपड़ सड़क के उत्तर और पूर्व का क्षेत्र), गढ़वाल और कुमाऊं (उत्तराखंड) | 163 |
| | पूर्वी हिमालय-सिक्किम, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम, मेघालय, असम और पश्चिम बंगाल का पहाड़ी क्षेत्र (दार्जिलिंग जिला) | 160 |
| | पश्चिमी मैदान- पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश (मेरठ और आगरा मंडल) | 170 |
| | पूर्वी मैदान - पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा | 169 |
| | मध्य मैदान-मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, दादरा, नगर हवेली, दमन और दीव | 168 |
| | दक्षिणी मैदान- आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, गोवा और पुडुचेरी | 166 |
| | क्लर्क/एसकेटी | 162 |
| | **ऊंचाई में विशेष छूट** | पुरुषों के लिए न्यूनतम ऊंचाई (सेमी में) |
| | लद्दाखी | |
| | गोरखा (नेपाली और भारतीय दोनों) | |
| | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, मिनिकॉय सहित लक्षद्वीप समूह के उम्मीदवार | |
| | (i) बसने वाले | |
| | (ii) स्थानीय लोग | |
| | मान्यता प्राप्त आदिवासी क्षेत्रों के आदिवासी | |

### नौसेना

न्यूनतम ऊंचाई का स्टैंडर्ड 157 cm है। हालांकि, कुछ खास इलाकों के डोमिसाइल वाले उम्मीदवारों को ऊंचाई में छूट मिल सकती है।

| क्र. | श्रेणी | न्यूनतम ऊंचाई |
|---|---|---|
| (अ) | लद्दाख के आदिवासी | 155 सेमी |
| (ब) | ए एंड एन द्वीप समूह, लक्षद्वीप और मिनिकॉय (स्थानीय लोग) | 155 सेमी |
| (स) | गोरखा, नेपाली, असमिया, गढ़वाली, कुमाऊंनी और उत्तराखंड | 152 सेमी |
| (द) | भूटान, सिक्किम और पूर्वोत्तर क्षेत्र | 152 सेमी |

### वायु सेना

अग्निवीरवायु पुरुष के लिए 152 cms, अग्निवीरवायु (संगीतकार पुरुष) के लिए 162 cms महिला (Agv/Agv (संगीतकार)) के लिए 152 cms।

उत्तर पूर्व या उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों के उम्मीदवारों के लिए, 147 cm की कम से कम ऊंचाई स्वीकार की जाएगी। लक्षद्वीप के उम्मीदवारों के मामले में, न्यूनतम ऊंचाई 150 cm होगी।

नोट: **"महिला उम्मीदवारों" को जो उत्तर पूर्व/उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों/लक्षद्वीप की निवासी होने के कारण ऊंचाई में छूट ले रही हैं,** उन्हें फेज़-II टेस्टिंग के समय अपने डोमिसाइल सर्टिफिकेट के साथ डोमिसाइल स्टेटस का एंडोर्समेंट जमा करना होगा। इसके अलावा, उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों के उम्मीदवारों के डोमिसाइल सर्टिफिकेट में पहाड़ी क्षेत्र का खास एंडोर्समेंट होना चाहिए।

## चयन प्रक्रिया

### सेना

**स्टेज I-ऑनलाइन टेस्ट**
CEE (कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन)
**स्टेज II फिजिकल** फिटनेस टेस्ट, फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट और मेडिकल एग्जामिनेशन

### नौसेना

स्टेज-I ऑनलाइन टेस्ट
INET (इंडियन नेवी एंट्रेंस टेस्ट)
स्टेज II फिजिकल फिटनेस टेस्ट, फिजिकल मेज़रमेंट टेस्ट और मेडिकल जांच

### वायु सेना

स्टेज-I ऑनलाइन टेस्ट
स्टार (अग्निवीर वायु भर्ती के लिए निर्धारित परीक्षा)
स्टेज II फिजिकल फिटनेस टेस्ट-1 और II, अडैप्टेबिलिटी टेस्ट-1 और II और मेडिकल जांच

## शारीरिक फिटनेस मानक

### सेना

पुरूष

| 1.6 किमी दौड़: समूह | समय | बीम (पुल अप्स): पुल अप व्यायाम | 9 फीट खाई | ज़िग-ज़ैग संतुलन |
|---|---|---|---|---|
| समूह-I | 5 मिनट 30 सेकंड तक | 10 | योग्यता प्राप्त करने की आवश्यकता है | योग्यता प्राप्त करने की आवश्यकता है |
| समूह-II | 5 मिनट 31 सेकंड से 5 मिनट 45 सेकंड | 9 | | |
| समूह-III | 5 मिनट 46 सेकंड से 6 मिनट | 8 | | |
| समूह-IV | 6 मिनट 01 सेकंड से 6 मिनट 15 सेकंड | 7 | | |
| | | 6 | | |

नोट: AV टेक और AV क्लर्क/SKT के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को सभी टेस्ट में क्वालिफाई करना होगा।

महिला

| 1.6 किमी दौड़: ग्रुप | समय | 10 फीट लंबी छलांग | 3 फीट ऊंची छलांग |
|---|---|---|---|
| समूह-I | 7 मिनट 30 सेकंड तक | योग्यता प्राप्त करने की आवश्यकता है | योग्यता प्राप्त करने की आवश्यकता है |
| समूह-II | 8 मिनट तक | | |

### नौसेना

| लिंग | 1.6 किमी दौड़ | स्क्वाट्स (उठक बैठक का समय) | पुश अप | मुड़े हुए घुटनों के साथ सिट-अप्स |
|---|---|---|---|---|
| महिला | 06 मिनट 30 सेकंड | 20 | 15 | 15 |
| पुरूष | 08 मिनट | 15 | 10 | 10 |

### वायु सेना

| लिंग | 1.6 किमी दौड़ | स्क्वाट्स (उठक बैठक का समय) | पुश अप | मुड़े हुए घुटनों के साथ सिट-अप्स |
|---|---|---|---|---|
| महिला | 07 मिनट | 20 (01 मिनट) | 10 (01 मिनट) | 10 (01 मिनट) |
| पुरूष | 08 मिनट | 15 (01 मिनट) | - | 10 (01 मिनट और 30 सेकण्ड) |

## आयु

17 से 21 वर्ष नोट (सिर्फ़ भारतीय सेना में महिला मिलिट्री पुलिस के लिए) - ड्यूटी के दौरान शहीद हुए रक्षा कर्मियों की विधवाओं के लिए ऊपरी आयु सीमा 30 साल तक बढ़ाई जाएगी।

## सेवाओं की अवधि

चार वर्ष

## नियमित कैडर में नामांकन

मोकोमाइज्ड ने अपने चार साल के एंगेजमेंट पीरियड के दौरान परफॉर्मेंस के आधार पर और हर तरह के अग्निवीरों में से 15 तक को रेगुलर कोर्स में आगे के एंगेजमेंट के लिए चुना जाएगा। एग्रीड को भारत सरकार में आगे एनरोलमेंट के लिए चुने जाने का कोई अधिकार नहीं होगा। अगर कोई अग्निवीर आगे एनरोलमेंट के लिए चुना जाता है, तो यह भारत सरकार के विवेक पर होगा।

## वैवाहिक स्थिति और गर्भावस्था

केवल अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवार अग्निवीर के रूप में भर्ती के लिए योग्य हैं। उम्मीदवारों को नामांकन के समय अविवाहित होने का प्रमाण पत्र देना होगा। अग्निवीरों को संबंधित सेवाओं में अपने चार साल के पूरे कार्यकाल के दौरान शादी करने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई उम्मीदवार अपने कार्यकाल के दौरान शादी करता है या अविवाहित होने का प्रमाण पत्र देने के बावजूद पहले से शादीशुदा पाया जाता है, तो उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा। महिला उम्मीदवारों को इसके अलावा सगाई की अवधि के दौरान गर्भवती न होने का वचन देना होगा। गर्भावस्था के कारण लो मेडिकल कैटेगरी (LMC) वाली महिला अग्निवीर को सेवा से छुट्टी दी जा सकती है। गर्भावस्था महिला अग्निवीर को नियमित कैडर में चयन के लिए अयोग्य कर देगी। नोट (केवल भारतीय सेना में महिला मिलिट्री पुलिस के लिए) जो महिलाएं विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग हो चुकी हैं, वे पात्र हैं बशर्ते उनके कोई बच्चे न हों। रक्षा कर्मियों की विधवाएं बच्चों के साथ पात्र हैं यदि उन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है।

## चिकित्सा मानक

उम्मीदवारों को संबंधित सेवाओं द्वारा बताए गए अनुसार मेडिकल जांच करवानी होगी। ज़्यादा जानकारी संबंधित सेवाओं की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## वेतन भत्ते, अन्य लाभ और अग्निवीर कॉर्प्स फंड (सेवा निधि पैकेज)

इस स्कीम के तहत भर्ती होने वाले अग्निवीरों को हर महीने 30,000 रुपये का अग्निवीर पैकेज दिया जाएगा, साथ ही सालाना इंक्रीमेंट भी मिलेगा। इसके अलावा, रिस्क और हार्डशिप अलाउंस, ड्रेस और ट्रैवल अलाउंस भी दिए जाएंगे। राशन, कपड़े, रहने की जगह और लीव ट्रैवल कंसेशन (LTC) जैसी सुविधाएं भी मौजूदा नियमों के अनुसार दी जाएंगी। अग्निवीरों को उनकी सर्विस पूरी होने पर एक बार सेवा निधि पैकेज दिया जाएगा, जिसमें उनका मंथली कंट्रीब्यूशन और सरकार का मैचिंग कंट्रीब्यूशन शामिल होगा, जैसा कि नीचे बताया गया है।

| वर्ष | अनुकूलित पैकेज (मासिक) | हाथ में (70%) | अग्निवीर कॉर्प्स फंड में योगदान (30%) | भारत सरकार द्वारा कॉर्प्स फंड में योगदान |
|---|---|---|---|---|
| सभी आंकड़े मासिक योगदान में हैं | | | | 9000 |
| प्रथम वर्ष | 30000 | 21000 | 9000 | 9900 |
| द्वितीय वर्ष | 33000 | 23100 | 9900 | 10950 |
| तृतीय वर्ष | 36500 | 25550 | 10950 | 12000 |
| चतुर्थ वर्ष | 40000 | 28000 | 12000 | चिकित्सा मानक |
| **चार साल बाद अग्निवीर कॉर्प्स फंड में कुल योगदान** | | | 5.02 लाख | 5.02 लाख |
| **चौथे साल के बाद बाहर निकासी** | **सेवा निधि पैकेज के रूप में लगभग 10.4 लाख रुपये (ब्याज को छोड़कर कुल राशि)** | | | |

| | |
|---|---|
| **जीवन बीमा कवर** | अग्निवीरों को उनके कार्यकाल के दौरान 48 लाख रुपये का नॉन-कंट्रीब्यूटरी लाइफ इंश्योरेंस कवर दिया जाएगा। |
| **मृत्यु मुआवजा** | 48 लाख रुपये के इंश्योरेंस कवर के अलावा, सर्विस के दौरान मौत होने पर नॉमिनी को एक बार में 44 लाख रुपये का एक्स-ग्रेशिया दिया जाएगा। |
| **विकलांगता मुआवजा** | अग्निवीरों को विकलांगता के प्रतिशत (100%/75%/50%) के आधार पर 44/25/15 लाख रुपये का एकमुश्त अनुग्रह राशि दी जाएगी। |
| **छुट्टी** | अग्निवीरों के लिए हर साल 30 दिन की छुट्टी लागू होगी। इसके अलावा, सक्षम मेडिकल अथॉरिटी की मेडिकल सलाह के आधार पर सिक लीव भी मिलेगी। |
| **मेडिकल और सीएसडी सुविधाएं** | इंडियन आर्म्ड फोर्सेज में अपनी सर्विस के दौरान, अग्निवीरों को सर्विस हॉस्पिटल में मेडिकल सुविधा के साथ-साथ CSD की सुविधाएं भी मिलेंगी। |

**अगले विज्ञापन हेतु स्कैन करें**
भारतीय सेना की वेबसाइट
https://www.joinindianarmy.nic.in
क्यूआर कोड को स्कैन करें

**अगले विज्ञापन हेतु स्कैन करें**
भारतीय नौ सेना की वेबसाइट
www.joinindiannavy.gov.in
क्यूआर कोड को स्कैन करें

**अगले विज्ञापन हेतु स्कैन करें**
भारतीय वायु सेना की वेबसाइट
https://agnipathvayu.cdac.in
क्यूआर कोड को स्कैन करें

**योग्यता की शर्तों और चयन प्रक्रिया के बारे में पूरी जानकारी के लिए वेबसाइट देखें या विस्तृत विज्ञापन देखें।**

CBC 10803/11/0004/2526

## खबर संक्षेप



### कोहली और वाशिंगटन ने की सिंहाचलम मंदिर में पूजा

**विशाखापत्तनम।** विराट कोहली, उनके परिवार के सदस्यों और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर के अधिकारियों ने कोहली और उनके परिवार का स्वागत किया और उन्हें दर्शन के लिए ले गए। दर्शन करने से पहले उन्होंने पारंपरिक कप्पस्थम्भम अलिंगनम (पवित्र स्तंभ को गले लगाना) अनुष्ठान में भाग लिया। अधिकारी ने बताया, ''कोहली अपने परिवार के सदस्यों और भारतीय टीम के अपने कुछ साथियों के साथ मंदिर में दर्शन करने के लिए आए थे।'

### डीआरएस लेने में मेरा आकलन सही नहींः कुलदीप

**विशाखापत्तनम।** स्पिनर कुलदीप यादव ने स्वीकार किया कि निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के मामले में उनका आकलन सही नहीं होता है। उन्होंने यह बात दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां खेले गए तीसरे वनडे के दौरान सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा के साथ डीआरएस को लेकर मजाकिया बातचीत के संदर्भ में कही, जिसकी काफी चर्चा हो रही थी। पहली स्लिप में क्षेत्ररक्षण करते हुए रोहित ने कुलदीप को अपील करने और कप्तान केएल राहुल पर डीआरएस लेने का दबाव बनाने से रोकने के लिए कम से कम तीन बार हस्तक्षेप किया और इस दौरान वह मुस्कुरा रहे थे।



### नामीबिया क्रिकेट टीम के सलाहकार बने कर्स्टन

**नई दिल्ली।** भारत की विश्व कप विजेता टीम के मुख्य कोच रहे गैरी कर्स्टन को नामीबिया की राष्ट्रीय पुरुष टीम का सलाहकार नियुक्त किया गया है और वह अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों में मुख्य कोच क्रेग विलियम्स के साथ काम करेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का यह टूर्नामेंट अगले साल फरवरी और मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। कर्स्टन ने कहा, 'क्रिकेट नामीबिया के साथ काम करना वास्तव में सौभाग्य की बात है। उनका नया अत्याधुनिक क्रिकेट स्टेडियम इस बात का प्रमाण है कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि उनकी राष्ट्रीय टीमें विश्व के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करें।'



### युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन अविश्वसनीयः गंभीर



**विशाखापत्तनम।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने विराट कोहली और रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों का अनुभव टीम के लिए काफी मायने रखता है लेकिन इसके साथ ही युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी अविश्वसनीय रहा है। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई एकदिवसीय श्रृंखला में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया जबकि रोहित में दो अर्धशतक जमाकर भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। गंभीर ने उम्मीद जताई कि दोनों दिग्गज खिलाड़ी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे। उन्होंने तीसरे और अंतिम वनडे में भारत की नौ विकेट से जीत के बाद कहा, 'वे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। मैंने कई बार कहा है कि वे विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं। वे इस प्रारुप के बेहतरीन खिलाड़ी हैं और ड्रेसिंग रूम में उनका अनुभव वास्तव में बहुत मायने रखता है।' उन्होंने कहा, 'वे वही कर रहे हैं, जो वे करते रहे हैं। वे भारतीय क्रिकेट के लिए इतने लंबे समय से ऐसा प्रदर्शन करते आ रहे हैं। उम्मीद है कि वे आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन जारी रखेंगे।'



# मेस्सी ने दिखाया दम, मुलर पर पड़े भारी, इंटर मियामी ने जीता एमएलएस कप का खिताब

एजेंसी ⏭ फोर्ट लॉडरडेल

थॉमस मुलर ने लियोनेल मेस्सी के साथ लंबे समय से चली आ रही अपनी प्रतिद्वंद्विता में अक्सर बाजी मारी है लेकिन मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल प्रतियोगिता के खेले गए फाइनल में अर्जेंटीना की स्टार की तूती बोली। अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप से पहले लियोनल मेसी ने एक बार फिर अपना दम दिखाया और इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। फाइनल मुकाहला सिर्फ इंटर मियामी और वैंकूवर व्हाइटकैप्स के बीच ही नहीं था, बल्कि जर्मनी के स्टार फुटबॉलर थॉमस मुलर और अर्जेंटीना के मेसी के बीच भी एक जंग थी।



### इंटर मियामी की जीत में चमके मेस्सी

मेस्सी ने 72वें मिनट में रोड्रिगो डी पॉल को गेंद देकर गोल करने में मदद की। इसके बाद उन्होंने स्टॉपेज टाइम में एक और गोल करने में योगदान देकर इंटर मियामी को फ्रेंचाइजी इतिहास में पहली बार चैंपियनशिप दिलाई। मेसी और मुलर दोनों ही विश्व कप और चैंपियंस लीग विजेता हैं। दोनों क्लब विश्व कप विजेता भी हैं। मेसी ने मैच के बाद कहा, तीन साल पहले मैंने एमएलएस में आने का फैसला किया और आज हम एमएलएस चैंपियन हैं। पिछले साल हम लीग में जल्दी बाहर हो गए थे लेकिन इस साल एमएलएस जीतना हमारा मुख्य लक्ष्य था।

### मेसी ने कॅरियर की 47वीं ट्रॉफी जीती

मुलर और मेस्सी के बीच हुए 10 मुकाबलों में से जर्मनी के स्टार ने सात में जीत हासिल की है। मुलर की मौजूदगी में जर्मन टीम ने विश्व कप में दो बार मेसी और अर्जेंटीना को बाहर किया है। लेकिन एमएलएस के फाइनल में अर्जेंटीना के सुपर स्टार ने इंटर मियामी को मुलर की वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 से जीत दिलाई। इस तरह से मेसी ने अपने करियर की 47वीं ट्रॉफी के साथ अपने तीसरे मेजर लीग सॉकर सत्र का समापन किया।

ऑस्ट्रेलिया ने 5 मैचों की एशेज सीरीज में 2-0 से बनाई बढ़त

# ब्रिस्बेन टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया का जलवा इंग्लैंड को दी 8 विकेट से करारी शिकस्त

एजेंसी ⏭ ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट के चौथे दिन जीत के लिए 65 रन का लक्ष्य महज 10 ओवर में हासिल करते हुए इंग्लैंड को 8 विकेट से हराकर एशेज श्रृंखला में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। चौथा दिन दोनों टीम के कप्तान के इर्द गिर्द रहा। इंग्लैंड ने जहां बेन स्टोक्स (50 रन) के अर्धशतक से दूसरी पारी में 241 रन बनाए। वहीं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ ने एक शानदार कैच लेकर मैच का रुख बदला और फिर विजयी रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को श्रृंखला में आगे किया। ऑस्ट्रेलिया ने 10 ओवर में दो विकेट पर 69 रन बनाकर जीत दर्ज की, जिसमें स्मिथ ने जोफ्रा आर्चर के एक बाउंसर से बचने के बाद उन्हें और तेज गेंदबाजी करने को कहा। फिर उन्होंने बाउंड्री लगाकर अगली गेंद पर छक्का जड़ा और गाबा में 1,000 टेस्ट रन पूरे किए। ऑस्ट्रेलियाई टीम तब दो विकेट पर 63 रन पर थी और जीतने के लिए सिर्फ दो रन चाहिए थे तो स्मिथ ने छक्का लगाकर मैच खत्म किया। वह नौ गेंद पर 23 रन बनाकर नाबाद रहे। जेक वेदरल्ड 17 रन बनाकर नाबाद रहे। गस एटकिंसन ने ट्रेविस हेड (22) और मार्नस लाबुशेन (3) के विकेट लिए।

- स्मिथ ने गाबा में पूरे किए 1 हजार टेस्ट रन



### इंग्लैंड की हार के लिए रणनीतिक मुद्दे जिम्मेदार

*इंग्लैंड की हार के लिए कुछ रणनीतिक मुद्दे जिम्मेदार रहे, जिसमें गेंदबाजी आक्रमण की लगातार सही लेंथ पर गेंदबाजी करने में विफलता, कैच छोड़ने तथा फिर से तेजी से खेलते हुए रन बनाने की कोशिश में विकेट गंवाने के लिए टीम की काफी आलोचना हुई है। स्टोक्स ने हालांकि संयम से खेलते हुए इंग्लैंड को बढ़त दिलाई लेकिन यह बहुत कम थी। इंग्लैंड के कप्तान ने 'बैजबॉल' की आक्रामक प्रवृत्ति पर अंकुश लगाते हुए टीम की एशेज संभावनाओं को फिर से जीवित करने की कोशिश की। इंग्लैंड ने सुबह छह विकेट पर 134 रन से आगे खेलना शुरू किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने कसी लाइन एवं लेंथ में गेंदबाजी की ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को शॉट खेलने के लिए उकसाया जा सके। स्टोक्स और विल जैक्स (41) ने पहले सत्र में कोई विकेट नहीं गिरने दिया। यह इंग्लैंड की हमेशा हर कीमत पर आक्रामक खेलने वाली मानसिकता से बिल्कुल अलग तरीका था क्योंकि इसकी पहले काफी आलोचना हुई थी।*

### आर्चर और स्मिथ के बीच हुई बहस

*ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी के नौवें ओवर में स्मिथ ने आर्चर की गेंद को लेग साइड में जोरदार पुल करके चौका मारा। ये शॉट इतने स्टाइल में था कि आर्चर को गुस्सा आ गया। अगली ही गेंद पर आर्चर ने 150 किमी/घंटे से ऊपर की रफ्तार वाली उछाल भरी गेंद फेंकी। स्मिथ अपर-कट मारने से चूक गए तो आर्चर उनके करीब आए और जोर-जोर से उन्हें कुछ बोलने लगे। स्मिथ बिल्कुल नहीं डरे नहीं। अगली दो गेंदों में ही उन्होंने आर्चर के 155 किमी/घंटे वाले बॉल पर 10 रन ठोक दिए। इसमें एक जोरदार छक्का भी शामिल था। छक्का मारने के बाद स्मिथ मुस्कुराते हुए आर्चर के पास गए और बोले, कुछ हो नहीं रहा होता तब ही तेज गेंद फेंकते हो यार!*

### माइकल नेसर ने लिए पांच विकेट

इंग्लैंड ने 17 रन पर चार विकेट गंवा दिए और दूसरी पारी में 241 रन पर ऑल आउट हो गई। माइकल नेसर ने पांच विकेट लिए। स्टोक्स ने 148 गेंद में अपने 50 रन पूरे किए, जो उनके करियर का दूसरा सबसे धीमा अर्धशतक था। ऑस्ट्रेलिया ने श्रृंखला का पहला टेस्ट दूसरे दिन ही जीत लिया था। दूसरा टेस्ट कम से कम चौथे दिन तक चला। अब तीसरा टेस्ट 17 दिसंबर से एडिलेड ओवल में शुरू होगा और एशेज वापस पाने के लिए इंग्लैंड को जीत की जरूरत है। चौथा टेस्ट 'बॉक्सिंग डे' पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में शुरू होगा और सिडनी चार जनवरी से पांचवें टेस्ट की मेजबानी करेगा। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी की बात करें तो इंग्लैंड की दूसरी इनिंग में माइकल नेसर ने सबसे शानदार गेंदबाजी की और 16.2 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट अपने नाम किए। उनके अलावा मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड ने 2-2 विकेट और ब्रैंडन डॉकेट ने एक विकेट लिया। बता दें कि पहली पारी में मिचेल स्टार्क ने 6 विकेट अपने नाम किए थे।

निशानेबाजी

# सुरुचि का शानदार प्रदर्शन, 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण



एजेंसी ⏭ दोहा

प्रतिभाशाली निशानेबाज सुरुचि सिंह ने एक और शानदार प्रदर्शन हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनकी साथी संयम ने रजत पदक हासिल किया, जिससे भारत ने सत्र के आखिर में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के पहले दिन शानदार शुरुआत की। हालांकि, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने निराश किया और वह पदक हासिल करने से चूक गईं।

- आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के पहले दिन संयम को मिला रजत, मनु पदक से चूकी

### फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं मनु

*10 मीटर राइफल निशानेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सुरुचि ने फाइनल में 245.1 का शानदार स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए दिन चमका दिया। वहीं पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन संयम ने 243.3 के स्कोर के साथ देश के लिए रजत पदक पक्का किया। मनु भाकर फाइनल में पहुंची लेकिन 179.2 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। इस साल की शुरुआत में लगातार चार विश्व कप स्वर्ण पदक जीतने के बाद सुरुचि सितंबर-अक्तूबर में विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर थीं। वह शानदार फॉर्म में थीं और उन्होंने 586 के कुल स्कोर के साथ 12 निशानेबाजों के एलीट ग्रुप में क्वालिफिकेशन दौर में दूसरा स्थान हासिल किया।*

गुवाहाटी मास्टर्स

# 19 वर्षीय सारस्वत ने जीता सुपर 100 का खिताब



एजेंसी ⏭ गुवाहाटी

राजस्थान के संस्कार सारस्वत ने गुवाहाटी मास्टर्स के पुरुष एकल फाइनल में मिथुन मंजूनाथ को तीन गेम में हराकर अपना पहला सुपर 100 खिताब जीता। जोधपुर के 19 वर्षीय खिलाड़ी ने स्मैश की बौछार करके पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन मंजूनाथ को 21-11, 17-21, 21-13 से हराया। भारतीय खिलाड़ियों के बीच यह फाइनल 50 मिनट तक चला। हालांकि विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा को महिला एकल फाइनल में चीनी ताइपे की तुंग सिउ-टोंग से 18-21 18-21 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे वह उप विजेता रहीं। पंजाब की 16 साल की खिलाड़ी पिछले हफ्ते सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 के सेमीफाइनल में पहुंची थीं। भारतीय पुरुष युगल जोड़ी पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक भी एकतरफा फाइनल में मलेशिया के कांग खाई जिंग और आरोन ताई की छठी वरीय जोड़ी से 13-21 18-21 से हारने के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

- गुवाहाटी मास्टर्स में तन्वी रहीं उप विजेता

### पैर पर टेप लगाकर खेलते हुए सारस्वत ने बनाई बढ़त

सारस्वत ने पिछले साल बेंगलुरु में अर्श मोहम्मद के साथ अपना पहला सीनियर राष्ट्रीय युगल खिताब जीता था और इससे पहले जूनियर एकल का खिताब भी जीता था। यह जोड़ी पिछले साल सितंबर में 31वें स्मिट कृष्णा खेतान मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट में अंडर-19 इवेंट में उपविजेता भी रही थी। अपने दाहिने पैर पर टेप लगाकर खेलते हुए सारस्वत पहले गेम के शुरू में बढ़त बनाए थे। लेकिन मंजूनाथ ने 7-7 की बराबरी हासिल की। दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे की गलतियों का फायदा उठाया। सारस्वत ने ब्रेक तक 11-9 की मामूली बढ़त बनाई हुई थी लेकिन आक्रामक शॉट्स लगाकर इसे 14-10 तक बढ़ा दिया। मंजूनाथ अपने प्रतिद्वंद्वी के क्रॉस-कोर्ट और डाउन-द-लाइन स्मैश को समझने में संघर्ष कर रहे थे, जिससे सारस्वत नौ गेम प्वाइंट तक पहुंच गए और आसानी से पहला गेम जीत लिया।

# जूनियर बालिका फुटबॉल चैंपियनशिप पर 12वीं बार मणिपुर का कब्जा




एजेंसी ⏭ अनंतपुर

*मणिपुर ने बंगाल को 9-0 से हराकर जूनियर बालिका राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप टियर एक का खिताब 12वीं बार अपने नाम कर लिया। चिंगखामायुम रेडिमा देवी (आठवें, 41वें, 65वें मिनट), लोंगजाम नीरा चानू (29वें, 55वें, 59वें मिनट) ने हैट्रिक लगाई, जबकि याइफाबी थोकचोम (68वें, 76वें मिनट) ने दो और मोंगजाम पुष्परानी देवी (75वें मिनट) ने एक गोल किया। महान भारतीय फुटबॉलर डॉ. तालीमेरेन एओ के नाम पर आयोजित इस चैंपियनशिप में मणिपुर का दबदबा रहा है। बंगाल ने फाइनल में पहुंचने के बाद मणिपुर की बादशाहत को चुनौती देने की कोशिश की लेकिन पूर्वोत्तर की इस मजबूत टीम ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया। मणिपुर ने इसके साथ इस खिताब की हैट्रिक जीत पूरी की। टीम ने इससे पहले 2023-24 और 2024-25 में भी इस खिताब को जीता था।*

# दिल्ली सरकार प्रतीका को देगी 1.5 करोड़ का पुरस्कार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महिला क्रिकेटर प्रतीका रावल से अपने आवास पर मुलाकात की और दिल्ली सरकार की ओर से उन्हें 1.5 करोड़ रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की। रावल ने हाल में समाप्त हुए आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में 308 रन बनाए। वह लौरा वोल्वार्ड्ट (571), स्मृति मंधाना (434) और एशले गार्डनर (328) के बाद सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर थीं। दिल्ली की यह क्रिकेटर बांग्लादेश के खिलाफ अंतिम ग्रुप लीग मैच के दौरान चोटिल हो गई थी, जिसके कारण वह सेमीफाइनल और फाइनल में नहीं खेल सकी थी। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार आईसीसी खिताब जीता।



सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, 'आज मुख्यमंत्री जन सेवा सदन में हमने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी प्रतीका रावल का स्वागत किया। हमारी प्रतिभाशाली बेटी प्रतीका ने दिल्ली को गौरवान्वित किया है। खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली सरकार उन्हें 1.5 करोड़ रुपए का पुरस्कार देगी।'

11 जून से 19 जुलाई तक होगा फुटबॉल का महासंग्राम

# फीफा वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान, टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी 48 टीमें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फीफा फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया, जिसकी शुरुआत 11 जून से होगी। इस बार इस वर्ल्ड कप में कुल 48 टीमें हिस्सा ले रही हैं और वॉशिंगटन डीसी के कैनेडी सेंटर में फीफा वर्ल्ड कप ड्रॉ का आयोजन किया गया। इस दौरान 12 ग्रुप में कौन-कौन सी टीमें होंगी इसकी भी घोषणा कर दी गई।

### खेले जाएंगे 104 मुकाबले

फीफा विश्व कप 2026 का आयोजन इस बार अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होगा और ये टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक खेला जाएगा। इस बार 16 नई टीमें जुड़ रही हैं, जिससे टीमों की कुल संख्या 48 हो गई है। कतर में खेले गए पिछले विश्व कप में टीमों की संख्या 32 थी और पिछली बार 64 मुकाबले हुए थे तो वहीं इस बार कुल 104 मैच खेले जाएंगे। ज्यादातर मैच अमेरिका में होंगे और फाइनल न्यूयॉर्क के मेटलाइफ स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।



### डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना का पहला मैच अल्जीरिया के साथ

फीफा विश्व कप 2026 का पहला मैच मैक्सिको और साउथ अफ्रीका के बीच एस्टाडियो अज्टेका में खेला जाएगा तो वहीं डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना विश्व कप अपने पहले मैच में अल्जीरिया से भिड़ेगी। इन दोनों टीमों को ऑस्ट्रिया और जॉर्डन के साथ ग्रुप जे में रखा गया है। मौजूदा फुटबॉल वर्ल्ड चैंपियन अर्जेंटीना और प्रमुख दावेदार स्पेन और इंग्लैंड को 2026 वर्ल्ड कप के लिए आसान ग्रुप मिले। वहीं फ्रांस को मुश्किल ग्रुप मिला। फुटबॉल के दो सबसे बड़े सुपरस्टार किलियन एमबापे (फ्रांस) और एर्लिंग हालैंड (नॉर्वे) की टीम एक ही ग्रुप का हिस्सा है। यूरोपीय चैंपियन स्पेन ग्रुप एच में केप वर्डे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

### वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाली टीमों के ग्रुप

- ग्रुप एः मेक्सिको, साउथ अफ्रीका, साउथ कोरिया, यूईएफए प्लेऑफ डी
- ग्रुप बीः कनाडा, यूईएफए प्लेऑफ ए, कतर, स्विट्जरलैंड
- ग्रुप सीः ब्राजील, मोरक्को, हैती, स्कॉटलैंड
- ग्रुप डीः यूएसए, पैराग्वे, ऑस्ट्रेलिया, यूईएफए प्लेऑफ सी
- ग्रुप ईः जर्मनी, कुराओ, आइवरी कोस्ट, इक्वाडोर
- ग्रुप एफः नीदरलैंड, जापान, यूईएफए प्लेऑफ बी, ट्यूनीशिया
- ग्रुप जीः बेल्जियम, मिस्र, ईरान, न्यूजीलैंड
- ग्रुप एचः स्पेन, केप वर्डे, सऊदी अरब, उरुग्वे
- ग्रुप आईः फ्रांस, सेनेगल, फीफा प्लेऑफ 2, नॉर्वे
- ग्रुप जेः अर्जेंटीना, अल्जीरिया, ऑस्ट्रिया, जॉर्डन
- ग्रुप केः पुर्तगाल, फीफा प्लेऑफ 1, उज्बेकिस्तान, कोलंबिया
- ग्रुप एलः इंग्लैंड, क्रोएशिया, घाना, पनामा




# जमीन की जगह कांच की कब्रों में दफनाए जाते हैं लोग, पूरा शरीर साफ दिखाई देता है!

मानव सभ्यता जितनी पुरानी है, उतनी ही पुरानी अंतिम संस्कार की परंपराएं भी. कहीं शव को जलाया जाता है, कहीं दफनाया जाता है और कहीं आधुनिक इलेक्ट्रिक क्रिमेशन का सहारा लिया जाता है। लेकिन, दुनिया के एक हिस्से में ऐसा रिवाज चलता है जिसे देखकर इंटरनेट हिल गया है।

**बीजिंग।** यहां मरने के बाद लोगों को ऐसी पारदर्शी कब्रों में दफनाया जाता है, जिनके अंदर पूरा शरीर और समय के साथ कंकाल में बदलता रूप स्पष्ट दिखाई देता है। यह विचित्र और खौफनाक दृश्य अब सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया है।

दरअसल, एक यूजर ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें चारों ओर कांच जैसी पारदर्शी कब्रें दिखाई देती हैं। उनके अंदर दफनाए गए लोगों के कंकाल बिल्कुल साफ दिखते हैं, जैसे कोई संग्रहालय में रखी सामान हों। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कई कब्रों में दो लोगों को साथ दफनाया गया है। हड्डियों के ढांचे इस तरह उभरकर नजर आते हैं कि देखने वाला एक पल के लिए यकीन ही नहीं कर पाता कि यह किसी गांव की असली परंपरा है, कोई हॉरर मूवी का सेट नहीं।



## वीडियो ने सोशल मीडिया पर मचाया हड़कंप

वीडियो के सामने आते ही इंटरनेट पर बहस शुरू हो गई। किसी ने इसे 'दुनिया की सबसे डरावनी परंपरा' बताया, तो किसी ने कहा कि यह 'सांस्कृतिक विविधता की शानदार मिसाल' है। एक यूजर ने लिखा- 'मैंने ऐसा सीन नहीं देखा था, अंदर तक ठंड लग गई!' दूसरे ने कहा- 'कंकाल को हर दिन देखते रहना ये बहुत अजीब है।' वहीं, तीसरे ने लिखा- 'कुछ एशियाई परंपराएं वाकई यूनिक होती हैं, डरावनी लेकिन दिलचस्प।' कई लोगों ने सवाल भी उठाया कि कोई परिवार अपने ही सदस्य को इस तरह समय के साथ बदलते हुए कैसे देख सकता है? यह कितना तनावपूर्ण होगा।




## यह अजीब परंपरा कहां चलती है?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह रिवाज चीन के एक दूरदराज पहाड़ी इलाके में सदियों से चला आ रहा है। यहां एक मान्यता है कि यदि पति-पत्नी की मृत्यु आसपास के समय में होती है, तो उन्हें एक ही कब्र में साथ रखा जाता है, ताकि 'अगले जन्म' या 'परलोक' में भी उनका साथ बना रहे। इन पारदर्शी कब्रों को प्रेम, सम्मान और पारिवारिक बंधन का प्रतीक माना जाता है। स्थानीय लोग मानते हैं कि मृतकों को छिपाना नहीं चाहिए, बल्कि उन्हें उसी रूप में रहने देना चाहिए जैसे जीवन में थे सभी के बीच। एशिया के कई हिस्सों में यह भी परंपरा है कि मृतकों को घर में बने विशेष कमरों में रखा जाता है और समय-समय पर उनकी पूजा की जाती है। वही विचार इस अनोखी दफन प्रथा में भी नजर आता है।

## रोचक खबरें

## दारू की दुकान में घुस गया जानवर, गटक गया कई बोतलें

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राज्य वर्जीनिया के ऐशलैंड शहर की एक दारू की दुकान में बीते दिनों को ऐसा नजारा दिखा, जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। हुआ यूं कि दुकान के कर्मचारी जब रूटीन चेक के लिए बाथरूम पहुंचे, तो दरवाजा खोलते ही उनके होश उड़ गए। क्योंकि, सामने जमीन पर एक ऐसा घुसपैठिया बेहोश पड़ा था, जिसकी शायद ही किसी ने कल्पना की होगी। यह कोई इंसान नहीं, बल्कि एक रैकून (लोमड़ी की तरह दिखने वाला) था। क्यूट-सा दिखने वाला रैकून कथित तौर पर एबीसी शराब की दुकान में घुसा, रैक तोड़ीं और कई तरह के दारू की बोतलें गटक लीं, और फिर बाथरूम में कमोड के बगल में जाकर फैल गया। हनोवर काउंटी एनिमल प्रोटेक्शन एंड शेल्टर की अधिकारी मार्टिन को एक अजीबोगरीब कॉल आई। मौके पर पहुंचने के बाद उन्होंने देखा कि नन्हे शराबी ने दुकान की कई अलमारियों को तहस-नहस कर दिया था। वहां का दृश्य बयां कर रहा था कि रैकून ने किस कदर पार्टी की होगी। शेल्टर होम ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कन्फर्म किया कि रेस्क्यू के दौरान रैकून पूरी तरह से शराब के नशे में था। इस घटना की तस्वीरें शेयर करते हुए अधिकारियों ने मजाकिया लहजे में लिखा, यह जीव हैंगओवर से गुजर रहा है। वह बहुत टल्ली था, लेकिन किस्मत से कोई चोट नहीं लगी थी। अधिकारी मार्टिन ने बताया कि नन्हे शराबी को सुरक्षित रूप से पकड़ा और शेल्टर तक पहुंचाया गया। कुछ घंटों की गहरी नींद के बाद जब वह पूरी तरह होश में आया, तो उसे वापस जंगल में आजाद कर दिया गया।



## ससुराल पहुंचने के 20 मिनट बाद दुल्हन ने अलग होने का किया फैसला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के देवरिया से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर लोग हैरान भी हैं और सोच में भी पड़ गए हैं। यहां एक लड़की ने शादी के सिर्फ 20 मिनट बाद ही रिश्ता तोड़ने का फैसला ले लिया और वापस मायके लौट गई। यह मामला पूजा नाम की एक युवती और विशाल मधेसिया नाम के युवक से जुड़ा है। विशाल अपने पिता के साथ भलुअनी में जनरल स्टोर संभालता है। 25 नवंबर को उसकी शादी सलेमपुर की रहने वाली पूजा से हुई थी। शाम को बारात धूमधाम से पहुंची, रातभर रस्में चलीं और अगली सुबह हर परिवार की तरह भावुक माहौल में विदाई भी हो गई। सब कुछ बिल्कुल नॉर्मल लग रहा था, लेकिन असली ड्रामा तो ससुराल पहुंचने के बाद शुरू हुआ। विदाई के बाद जब पूजा अपने नए घर पहुंची तो परिवार वालों ने उसे बेहद प्यार से रिसीव किया और कुछ देर बाद उसे उसके कमरे में ले जाया गया। लेकिन, यहां से कहानी ने ऐसा मोड़ लिया जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। कमरे में गई पूजा लगभग 20 मिनट बाद बाहर आई और बिना किसी हिचक के बोली कि वह यहां नहीं रहना चाहती। उसके इस बयान से पूरा परिवार हक्का-बक्का रह गया। रिश्तेदारों और घर वालों ने सोचा कि शायद वह किसी बात से परेशान है या रास्ते की थकान के कारण ऐसा कह रही है, लेकिन पूजा का बार-बार यह कहना कि 'मेरे मम्मी-पापा को बुलाइए, मैं यहीं नहीं रहूंगी।' सबको उलझन में डाल रहा था। दूल्हे के घर वालों ने उसे खूब समझाने की कोशिश की। कई बार पूछा कि आखिर क्या हुआ, किस वजह से वह अचानक ऐसा बोल रही है, लेकिन पूजा ने कोई भी कारण बताने से साफ मना कर दिया। वह बस अपने घर जाने पर अड़ी हुई थी। इसके बाद विशाल के परिवार ने लड़की के मायके वालों को पूरी बात बताई। दोनों परिवारों ने काफी देर तक बातचीत की, लेकिन पूजा अपने फैसले से एक इंच भी नहीं हिली। उसने यह तक नहीं बताया कि आखिर इतने बड़े कदम की वजह क्या थी।



# ये हैं दुनिया के सबसे गंदे शहर यहां सांस लेना भी है दूभर

**नई दिल्ली।** दुनिया के चमकते शहरों की तस्वीरें हम सब देखते हैं, लेकिन सच का दूसरा पहलू कहीं ज्यादा कड़वा है। कई ऐसे शहर भी हैं जहां हवा में घुली सड़ांध, जमीन पर बिखरा कचरा और आसमान को ढकता धुआं इतना भारी पड़ता है कि वहां कुछ मिनट खड़े रहना भी मुश्किल हो जाता है। सिर्फ गंदगी ही नहीं, इन शहरों में बुनियादी व्यवस्था की नाकामी, लापरवाह इंडस्ट्री और प्रशासन की उदासीनता ने हालात को इस कदर बिगाड़ दिया है कि यहां सांस लेना तक चुनौती बन चुका है।

### पोर्ट-औ-प्रिंस: कचरे में दबी राजधानी

हैती की राजधानी पोर्ट-औ-प्रिंस में गंदगी सिर्फ सड़कों पर नहीं, पूरी व्यवस्था में घुली दिखाई देती है। शहर में कचरा उठाने की व्यवस्था लगभग नाम मात्र है, सीवेज सिस्टम टूट चुका है और पीने के पानी का हाल इतना खराब है कि लोग बीमारियों से जूझते रहते हैं. बरसात आते ही नालों का गंदा पानी सड़कों पर फैल जाता है और पूरा शहर मानो कचरे की नदी में बदल जाता है। यहां साफ हवा पाना किसी चमत्कार से कम नहीं लगता है।



### बाकू: तेल की चमक में खो गया शहर का दम

अजरबैजान की राजधानी बाकू कभी अपनी काली सोने जैसी पहचान तेल के लिए मशहूर था। लेकिन, यही तेल अब शहर की सबसे बड़ी मुसीबत बन गया है। लगातार औद्योगिकीकरण, कच्चे तेल का खुला रिसाव, समुद्र किनारे जमा रसायन और पुराने कारखानों का गंदा कचरा बाकू की हवा को इतना जहरीला बना चुका है कि तटीय इलाकों में चलते हुए आंखों में जलन तक महसूस होने लगती है। यहां की हवा भारी है, जमीन बदरंग है और समुद्र की खुशबू की जगह अब रासायनिक बदबू ने ले ली है।

### एंटानानारिवो: कचरे और बदबू की गिरफ्त में


मेडागास्कर की राजधानी एंटानानारिवो में गंदगी का आलम इतना गंभीर है कि शहर की पहचान ही बदल चुकी है। गरीबी और प्रशासन की लापरवाही के कारण सफाई व्यवस्था वर्षों से चरमराई हुई है। सड़कों पर हर मोड़ पर कूड़े के ऊंचे ढेर और खुले नालों से उठती बदबू यात्रियों को परेशान करती है। लोकल मार्केट भी अक्सर इसी गंदगी के बीच संचालित होते हैं, जिससे बीमारियों का खतरा लगातार बना रहता है।

### पोर्ट हारकोर्ट: तेल की राजधानी में जहर की धुंध

नाइजीरिया के पोर्ट हारकोर्ट में तेल उद्योग से पैदा हुआ प्रदूषण शहर की सबसे भयावह समस्या है। काला धुआं, हवा में घुला तेलीय तत्व और सीवर सिस्टम की दयनीय स्थिति इसे अफ्रीका के सबसे प्रदूषित शहरों में खड़ा कर देती है। खुले में फेंका गया ठोस कचरा, टूटी नालियों की बदबू और हर वक्त हवा में तैरता धुंध का परदा यहां की जिंदगी को बेहद मुश्किल बना देता है।

## मंदिर का चमत्कारी पानी फसल में छिड़कने पर चूहे, कीट-पतंगे छूमंतर!

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में खोड पनरिया नाम के छोटे-से गांव में एक पुराना मंदिर है, जो स्थानीय लोगों की विश्वास और आस्था का बड़ा केंद्र है। जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर इस मंदिर की चर्चा खासकर किसानों के बीच बहुत है। वजह चौंकाने वाली है। ऐसी मान्यता है कि इस मंदिर का जल चमत्कारी है। आसपास के गांवों के कई किसान आज भी इस जल पर बेहद भरोसा करते हैं। किसानों को यहां तक विश्वास है कि वे खेतों में कीटनशक की जगह, इसी जल का छिड़काव करते हैं। लोग बताते हैं कि इस मंदिर से लाया गया जल अगर फसलों पर छिड़क दिया जाए तो खेतों में लगने वाले कीड़े-मकोड़े और चूहे पास ही नहीं फटकते। किसानों का कहना है कि कई बार दवा डालने के बाद भी उतना असर नहीं होता, जितना इस जल से होता है। इसलिए जिनके खेतों में बार-बार नुकसान हो रहा हो, वे अक्सर यहां आकर जल लेते हैं और उसे अपने खेत में छिड़क देते हैं।



### किसान ने बताया अनुभव


आजकल मौसम और कीटों के बढ़ते प्रकोप के कारण फसल बचाना किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। ऐसे में पनरिया मंदिर का जल किसानों के लिए उम्मीद जैसा है। गांव के ही किसान हरकुअर पड़ौरा का कहना है कि उन्होंने जब पहली बार इस जल का प्रयोग किया, तो कुछ ही दिनों में उन्हें फर्क दिखाई देने लगा। उनके खेत में लंबे समय से कीड़े और चूहे परेशानी पैदा कर रहे थे, पर जल छिड़कने के बाद समस्या लगभग खत्म हो गई।

# एलियन नहीं, स्प्राइट्स है अंतरिक्ष से गिरती चमकीली लाल रोशनी

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों का कहना है कि हाल ही में अंतरिक्ष से गिरते हुए दिखाई दिए चमकदार लाल रोशनी के खंभे किसी एलियन गतिविधि का संकेत नहीं हैं। बल्कि, यह एक दुर्लभ तरह की ऊंचाई पर होने वाली बिजली है जिसे स्प्राइट्स कहते हैं। नासा के एक प्रोजेक्ट 'स्प्रिटैक्युलर सिटीजनसाइंस' के जरिए एक नई तस्वीर साझा की गई है। इसमें एक तूफानी बादल के ऊपर पल भर के लिए लाल चमक दिखाई दे रही है, जो धरती की सबसे मुश्किल से दिखने वाली बिजली की घटनाओं में से एक है।

### कैसे बनते हैं स्प्राइट्स?

इन तस्वीर ने इन अजीब और तेजी से चमकने वाली रोशनी में लोगों की दिलचस्पी को बढ़ा दिया है। स्प्राइट्स अक्सर शक्तिशाली तूफानों के ऊपर सीधे लाल खंभों या जेलीफिश के आकार की तरह दिखते हैं। इसके अलावा कभी-कभी ये गुच्छों में होते हैं जो तूफान के ऊपर लटकते हुए लगते हैं।



### इतने रहस्यमय क्यों लगते हैं?

स्प्राइट्स तेजी से चमकने वाली घटनाओं के एक बड़े समूह का हिस्सा है, जिसमें नीले जेट शामिल हैं। ये सभी घटनाएं तूफानों के कारण पैदा होती हैं। लेकिन, ये बादलों के अंदर नहीं बल्कि उनके ऊपर होती हैं। दशकों से पायलटों ने तूफानों के ऊपर अजीब लाल चमक देखने की खबर दी थी लेकिन पहली क्लियर स्प्राइट फोटो 1989 में ली जा सकी थी।

### कब ली गई ये तस्वीर?

3 जुलाई 2025 को नासा की अंतरिक्ष यात्री निकोल एयर्य ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन आईएसएस से एक कमाल की और दुर्लभ घटना को कैमरे में कैद किया। इसमें रोशनी का एक विशाल खंभा धरती की तरफ आता दिखा। 19 मई 2022 को 2 शौकिया फोटोग्राफरों ने तिब्बत के पठार के ऊपर 105 विशाल लाल रोशनी के खंभों की तस्वीरें ली थीं।

### कैसे दिखते हैं ये स्प्राइट्स?

इनके ऊपरी हिस्से लाल-नारंगी रंग में चमकती हैं, जबकि निचले हिस्से में नीलापन दिखता है। इससे ऐसा लगता है जैसे चमकदार जड़ें बादलों की तरफ जा रही हैं। साधारण बिजली जो बादलों में या जमीन पर गिरती है उसके उलट स्प्राइट्स धरती की सतह से लगभग 50 से 90 किमी ऊपर मध्यमंडल की पतली हवा में बनते हैं। ये स्प्राइट्स नीचे तूफान में होने वाली तेज बिजली की चमक से पैदा होते हैं।







# अफ्रीका में मिला कोहिनूर से भी बड़ा हीरा! देखकर फटी रह जाएंगी आंखें

**केप टाउन।** दक्षिणी अफ्रीका की मशहूर हीरा खदानों में से एक लेसोथो की काओ खदान में 108.39 कैरेट का एक बहुत बड़ा गुलाबी हीरा मिला है। अंतरराष्ट्रीय रत्न विज्ञान संस्थान ने इस खोज की जानकारी दी है। यह हीरा अपने आकार, शुद्धता और गहरे रंग के कारण बाजार में हलचल मचा रहा है। विशेषज्ञों को उम्मीद है कि यह हीरा बाजार में नए रिकॉर्ड बनाएगा। यह 108.29 कैरेट का विशाल खुरदुरा पत्थर अब तक मिले सबसे बड़े गुलाबी हीरों में से एक है। नीलामी में इसकी कीमत करोड़ों डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद लगाई जा रही है।



### कैसे गुलाबी होता है यह हीरा?

दूसरे हीरे अपना रंग रासायनिक अशुद्धियों से पाते हैं लेकिन गुलाबी हीरे का गहरा रंग उसकी क्रिस्टल संरचना में खराबी के कारण आता है। ये खराबियों धरकती के अंदर तेज गर्मी और दबाव से पैदा होती हैं और यह खराबी ही हर गुलाबी हीरे को उसका खास रंग देती है।

### कहां मिला ये खास हीरा?

लेसोथो, जो अपने खास दुर्लभ हीरों के लिए मशहूर है, ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह बहुमूल्य रत्नों का एक खास सोर्स है। काओ खदान खासकर बहुत बी शानदार गुलाबी हीरे निकालने के लिए जानी जाती है और यह नया हीरा भी इसी को आगे बढ़ाता है। इस पत्थर का गुलाबी रंग और लगभग पूरी तरह साफ होना इसे उस स्तर पर पहुंचाता है जिसे ज्यादातर हीरे जमा करने वाले खरीदना चाहते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com